राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 52
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 21 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 इंजीनियर की कार गड्ढे से निकाली गई

पेज 4 खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

पेज 6 ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने लिया संन्यास


# सहारनपुर : घर में मिले 5 शव

## पत्नी, दो बेटों व मां की गोली मारकर हत्या, फिर की आत्महत्या



▸ एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि शवों को जांच की जा रही है। मृतकों के पास से तीन पिस्टल मिले हैं। जांच के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा।

सहारनपुर। थाना व कस्बा सरसावा क्षेत्रांतर्गत मौहल्ला कौशिक विहार में एक ही परिवार के पांच लोगों के बंद कमरे में गोली लगे शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी हासिल की। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच में जुटी है।

मौके पर पहुंचे डीआईजी अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी हासिल की।

मिली जानकारी के अनुसार सरसावा के कौशिक विहार में एक ही परिवार के 5 लोगों की कमरे में लाश मिली हैं। मृतकों में अमीन अशोक राठी, उनकी पत्नी, मां और दो बेटे शामिल हैं।

चार के माथे पर गोली लगी है जबकि अमीन अशोक राठी की कनपटी पर गोली लगी है। शवों के पास तीन पिस्टल मिले हैं।

अमीन और पत्नी का शव फर्श पर, जबकि उनकी मां और दोनों बच्चे बेड पर पड़े मिले। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों और फोरेंसिक टीम ने घर को सील कर दिया है।

सभी के मोबाइल फोन कब्जे में ले लिए हैं। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय अमीन अशोक राठी, 37 वर्षीय पत्नी अंजिता, 70 वर्षीय मां विद्यावती और दो बेटे 16 वर्षीय कार्तिक व 13 वर्षीय देव के रूप में हुई है।

मृतक अशोक को अपने पिता की मौत के बाद उनकी जगह मृतकाश्रित में नौकरी मिली थी जो नकुड़ तहसील में अमीन के पद पर कार्यरत थे।

जबकि उनका एक बेटा देव कस्बे के एमटीएस पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था और कार्तिक नकुड़ के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 में पढ़ाई कर रहा था। पड़ोसियों का कहना है कि परिवार शांत स्वभाव का था।

किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस को संदेह है कि अमीन ने पहले अपनी मां, पत्नी और दोनों बेटों को गोली मारी और उसके बाद में खुद को भी गोली मार ली।

पुलिस को यह भी अंदेशा है कि कहीं परिवार पर कर्ज, नौकरी से जुड़ा तनाव, घरेलू विवाद या मानसिक दबाव तो नहीं था, जिसकी वजह से अमीन ने यह कदम उठाया होगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं किसी बाहरी व्यक्ति ने घर में घुसकर सभी की हत्या तो नहीं की।

पुलिस यह पता लगा रही है कि परिवार का किसी से विवाद, लेन-देन या दुश्मनी तो नहीं थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पड़ोसियों से भी पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों के हवाले से मरने से पहले अशोक राठी ने अपनी बहनों पिंकेश व मोना को एक वाइस मैसेज भेजा था।

### क्राइम सीन समझिए

- जिस मंजिल पर अशोक रहता था। उस पर 2 कमरे, एक किचन और एक वॉशरूम है। सभी के शव एक ही कमरे में मिले। इसमें एक चारपाई और एक बेड है।
- पति और पत्नी के शव चारपाई पर पड़े थे। मां और दोनों बच्चों के शव बेड पर मिले। सभी की लाशें खून से लथपथ थीं।
- अमीन के पास तीन तमंचे पड़े मिले। फर्श पर खून बिखरा हुआ था। चारपाई और बेड की बेडशीट और तकिए खून से सने मिले।

### दो बार परिवार की हत्या का प्रयास कर चुका था अमीन

पुलिस के मुताबिक, कमरे में नशे की गोलियां मिली हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी पहले भी दो बार पूरे परिवार की हत्या की कोशिश कर चुका था। पहला प्रयास कोरोना काल के दौरान किया था, जबकि दूसरा प्रयास करीब 5 महीने पहले किया था, लेकिन दोनों बार परिवार के लोग बच गए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या के राम कथा म्यूजियम को 233 साल पुरानी दुर्लभ रामायण मैन्युस्क्रिप्ट भेंट की गई

**अयोध्या।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि अयोध्या स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा म्यूजियम को वाल्मीकि रामायण की 233 साल पुरानी एक दुर्लभ संस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट उपहार में दी गई है। इसे सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी के कुलपति श्रीनिवास वरखेड़ी ने प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा को दी, उन्होंने इसे म्यूजियम को सौंपा। मंत्रालय के अनुसार, यह मैन्युस्क्रिप्ट विक्रम संवत 1849 (1792 ई.) की है और महेश्वर तीर्थ की क्लासिकल टीका के साथ देवनागरी लिपि में लिखी गई है।

### अबू सलेम की पैरोल का महाराष्ट्र सरकार ने किया विरोध

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 1993 मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के दोषी अबू सलेम को पैरोल दिए जाने का कड़ा विरोध करते हुए बाम्बे हाइकोर्ट को बताया कि उसकी रिहाई से उसके फिर फरार होने की आशंका है, जिससे भारत-पुर्तगाल संबंधों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और श्याम चंदक की पीठ के समक्ष दायर हलफनामे में सरकार ने सलेम को एक अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर बताते हुए कहा कि अधिकतम दो दिन की आपातकालीन पैरोल पर ही विचार किया जा सकता है।

### गणतंत्र दिवस



नई दिल्ली में आगामी गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान सीआईएसएफ के जवान।

### सबरीमाला गोल्ड चोरी केस के मुख्य आरोपी को जमानत मिली

सबरीमाला गोल्ड की चोरी केस के मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को जमानत मिल गई है। 90 दिन बाद भी चार्जशीट दाखिल नहीं होने पर उन्हें कानूनी जमानत दी गई। उन्नीकृष्णन पर सबरीमाला मंदिर से रेनोवेशन के नाम पर सोने की चोरी करने का आरोप है। मामले में केरल हाइकोर्ट की गठित एसआईटी जांच कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश तीसरे दिन भी जारी

▸ आतंकी ठिकाना मिला, राशन-ताजी सब्जियां, अधपके अंडे मिले; सुरक्षाबलों का दावा- सामान स्थानीय लोगों ने पहुंचाया




**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बल लगातार तीसरे दिन भी आतंकियों की तलाश में जुटे हुए हैं। इसी बीच जवानों ने आतंकियों के एक ठिकाने को खोज निकाला। इसमें भारी मात्रा में राशन और सामान जमा था। पत्थरों से बनाए गए इस हाइड आउट को तिरपाल से छिपाया गया था। इसमें गैस सिलेंडर, चूल्हा, चावल, गेहूं का आटा, मसाले, इंस्टेंट नूडल्स, अधपके अंडे और ताजी सब्जियां मौजूद थीं।

फर्श पर मिले कंबल बताते हैं कि ठिकाने का इस्तेमाल लंबे समय से हो रहा था। वहीं राशन की मात्रा से अंदाजा लगाया जा रहा है कि आतंकी यहां लंबे समय तक रुकने वाले थे।

सुरक्षाबलों का दावा है कि आतंकियों तक यह पूरा राशन और सामान बिना लोकल सपोर्ट के पहुंच पाना संभव नहीं था। क्योंकि इतनी मात्रा में सप्लाई सिर्फ सीमा पार से नहीं आ सकती थी।

## असम में भीड़ ने घरों-चौकी में आग लगाई, हाइवे जाम

### कोकराझार में इंटरनेट बंद; देर रात मॉब लिंचिंग में एक की मौत हुई थी



कोकराझार। असम के कोकराझार में बोडो समुदाय और आदिवासियों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद दोनों समुदायों ने घरों और करिगांव पुलिस चौकी में आग लगा दी। भीड़ ने टायरों में आग लगाकर करिगांव के पास नेशनल हाइवे जाम कर दिया। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स तैनात कर दी है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अगले आदेश तक इंटरनेट पर भी रोक लगा दी है। दरअसल, सोमवार रात करिगांव चौकी के पास मानसिंह रोड पर एक गाड़ी ने दो आदिवासी समुदाय के लोगों को टक्कर मार दी थी। कार में बोडो समुदाय के तीन लोग सवार थे।

हादसे के बाद कार सवार लोगों को आस-पास के आदिवासी ग्रामीणों ने पीटा और गाड़ी में आग लगा दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

### सीएम ने लोगों से शांति की अपील की



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कोकराझार में बढ़ते तनाव पर क्षेत्र के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सामान्य स्थिति बहाल करने में तेजी लाने के लिए सामुदायिक और राजनीतिक नेताओं से पूरे सहयोग का आग्रह किया।

### 45 साल के नितिन नबीन भाजपा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। वे 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। सोमवार को फुल टाइम अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर 55 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।' बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, 'राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।

## मौसम एक बार फिर लेगा करवट, दिल्ली में पड़ेगी कड़ाके की ठंड



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में फिर लौटेगी कड़ाके की ठंड, पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और मैदानों में बारिश-तेज हवाओं का दौर शुरू होने वाला है। भारतीय मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार, लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 22 जनवरी से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाएगा। उत्तर भारत में इन दिनों ठंड ने थोड़ी राहत दी थी और दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी देखी गई, लेकिन अब मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। आईएमडी के अनुसार, एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ 21 जनवरी की रात से सक्रिय हो रहा है, जिसका असर 22 जनवरी से स्पष्ट दिखेगा। इसके बाद दूसरा और अधिक प्रभावी सिस्टम 26-28 जनवरी के आसपास पहुंच सकता है।

### पहाड़ी इलाकों में क्या होगा?

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 22 से 26 जनवरी तक व्यापक बारिश और बर्फबारी की संभावना। खासकर 22-23 जनवरी को कश्मीर घाटी में और 23 जनवरी को हिमाचल-उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो सकती है। इससे पहाड़ों में शीतलहर तेज होगी, पर्यटन स्थलों जैसे गुलमर्ग, मनाली, शिमला में भारी हिमपात से सफेद चादर बिछ सकती है।

### मैदानी इलाकों में प्रभाव

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 22-24 जनवरी के दौरान हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक के साथ तेज हवाएं (30-50 किमी) चल सकती हैं।

23 जनवरी को दिल्ली में हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट, न्यूनतम तापमान 6-9 के आसपास रह सकता है।

घना कोहरा कई इलाकों में जारी रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित होगी और यात्रा मुश्किल हो सकती है।

## अवैध तरीके से भारतीय जल सीमा में घुसे 24 बांग्लादेशी मछुआरे गिरफ्तार, जहाज भी किया जब्त



कोलकाता। भारतीय तटरक्षक बल ने बंगाल के तटवर्ती दक्षिण 24 परगना जिले से भारतीय जल सीमा में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में 24 बांग्लादेशी मछुआरों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार दोपहर फ्रेजरगंज कोस्टल क्षेत्र से पकड़कर फ्रेजरगंज कोस्टल थाने को सौंप दिया गया है। बांग्लादेशी ट्रालर (जहाज) एफबी स्वपन को भी जब्त कर लिया गया है, इसी पर मछुआरे सवार थे और अंतरराष्ट्रीय जल सीमा का उल्लंघन कर भारतीय क्षेत्र में मछलियां पकड़ रहे थे।

मालूम हो कि कुछ दिन पहले ही तटरक्षक बल ने दक्षिण 24 परगना जिले में अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र से अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में कई बांग्लादेशी मछुआरों को गिरफ्तार किया था।

### जोधपुर-जैसलमेर हाईवे पर गाड़ी के उड़े परखच्चे, चार लोगों की मौके पर ही मौत; 16 घायल

जोधपुर। जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-125 पर मुलानाडा रायल्टी नाके के पास मंगलवार को एक डंपर और बस की भिड़ंत में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री गुजरात के निवासी हैं। वे रामदेवरा में बाबा रामदेव मंदिर के दर्शन कर जोधपुर के रास्ते गुजरात लौट रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। जोधपुर के एमडीएम अस्पताल के अधीक्षक डा विकास राजपुरोहित ने हादसे में चार की मौत और 16 के घायल होने की पुष्टि की है। दो घायल यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, बस में गुजरात के अरावली और साबरकांठा जिलों से महिलाओं और बच्चों समेत 47 यात्री सवार थे।

## भारत में जारी 5300 सिम से कंबोडिया के गिरोह ने की 1100 करोड़ की ठगी

### जोधपुर में छह आरोपित गिरफ्तार, विभिन्न राज्यों में वारदातों को दिया अंजाम

**जोधपुर।** पुलिस ने 1100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का खुलासा करते हुए छह मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह भारत में फर्जी तरीके से जारी सिम कार्ड को मलेशिया के रास्ते कंबोडिया भेजकर वहां से इन्वेस्टमेंट और ट्रेडिंग के नाम पर ठगी को अंजाम दे रहा था।

जांच में पता चला कि कई वाट्सएप नंबर कंबोडिया से आपरेट हो रहे थे, जबकि सिम भारतीय नागरिकों के नाम पर जारी थे। रिवर्स ट्रेल विश्लेषण में करीब 2.30 लाख सिम का डाटा सामने आया, जिनमें 36 हजार सिम कंबोडिया में सक्रिय मिले। इनमें 5,300 सिम के जरिए देश के विभिन्न राज्यों में करीब 1100 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की गई।

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश ने बताया कि बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए विशेष तकनीकी विश्लेषण किया गया।

जांच के दौरान सामने आया कि सिम विक्रेता ग्राहकों को फिंगर प्रिंट और फोटो स्कैनिंग में त्रुटि का बहाना बनाकर एक अतिरिक्त सिम गुपचुप तरीके से अपने पास रख लेते थे। इन फर्जी सिम को गिरोह के सदस्य आगे मलेशियाई नागरिकों को उपलब्ध कराते थे, जो इन्हें कंबोडिया में साइबर ठगी करने वाले काल सेंटर में इस्तेमाल करते थे।

### आवारा कुत्तों के हमले

मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार; हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की।

कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।'

कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा- कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने का कह रहे है, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पॉडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं।

कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है।

जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया।

इस पर रामचंद्रन ने कहा- बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा- अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है।



### हैप्पी मॉर्निंग



दो दोस्त देर रात तक पढ़ते हुए
राजू- यार कितने बजे हैं?
सुरेश उठा और सामने वाले गर्ल्स हॉस्टल में पत्थर दे मारा
उधर से लड़की बाहर आई और बोली- कमीनो, अब तो सो जाओ,
रात के दो बज रहे हैं.....



### शायरी

तिरंगे की शान पे कुर्बान हजारों जवान,
भारत माँ के लाल वो, जिनकी कहानी है महान।

### अर्थसार



संसेक्स:
82,180.47
-1,065.71 (1.28%)
निफ्टी:
25,232.50
-353.00

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : 21 डिग्री से0 | |
| न्यूनतम | : 08 डिग्री से0 | |
| सूयोदय | शुक्रवार | : 7 : 27 |
| सूर्यास्त | गुरुवार | : 5 : 58 |

# संपादकीय

## ग्रेटर नोएडा में युवराज मेहता की मौत का गुनाहगार कौन?

### एक हादसा नहीं, सिस्टम की सामूहिक हत्या



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

ग्रेटर नोएडा— जिसे दिल्ली–एनसीआर का आधुनिक, सुरक्षित और हाई–प्रोफाइल शहर बताया जाता है— वहीं 16–17 जनवरी 2026 की रात एक ऐसी घटना घटी जिसने इस 'विकास मॉडल' की असलियत को बेनकाब कर दिया।

27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता, जो गुरुग्राम की एक प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत थे, ड्यूटी से लौटते समय अपनी मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा से Greater Noida की Tata Eureka Park सोसाइटी जा रहे थे।

घना कोहरा, अंधेरा और लापरवाही— इन तीनों ने मिलकर उनकी कार को सेक्टर–150 के पास एक निर्माणाधीन इमारत के लिए खोदे गए 20–30 फीट गहरे, पानी से भरे खुले गड्ढे में धकेल दिया।

युवराज करीब दो घंटे तक ज़िंदा थे।

वे मदद के लिए चिल्लाते रहे, फोन करते रहे— लेकिन सिस्टम बहरे कान लगाए खड़ा रहा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, मौत की वजह ठंड, घबराहट और दम घुटने/हृदय गति रुकने से हुई।

### सवाल सीधा है—

क्या यह सिर्फ एक हादसा था, या सुनियोजित लापरवाही से की गई हत्या?

### पहला गुनाहगार- बिल्डर और निर्माण कंपनियाँ

जहाँ हादसा हुआ, वहाँ दो रियल एस्टेट डेवलपर्स बेसमेंट निर्माण कर रहे थे।

**मगर मौके पर—**

- न बैरिकेडिंग
- न चेतावनी बोर्ड
- न रिफ्लेक्टर
- न सुरक्षा गार्ड

युवराज के पिता राजकुमार मेहता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर–इरादतन हत्या), 106 (लापरवाही से मौत) और 125 (जीवन को खतरे में डालना) के तहत एफआईआर दर्ज की। एमजेड विशटाउन प्रोजेक्ट से जुड़े बताए जा रहे अभय कुमार सिंह की गिरफ्तारी हुई।

### पर सवाल कायम है—

क्या एक गिरफ्तारी से यह अपराध खत्म हो जाता है?

### दूसरा गुनाहगार- नोएडा अथॉरिटी और प्रशासन

यह इलाका कोई पिछड़ा क्षेत्र नहीं— करोड़ों के फ्लैटों वाला 'प्रीमियम ज़ोन' है। फिर भी—

- खुले गड्ढे
- अधूरे निर्माण
- बिना निगरानी सड़कें

मुख्यमंत्री Yogi Adityanath ने संज्ञान लेते हुए Noida Authority के सीईओ को निलंबित किया और एक जूनियर इंजीनियर को भी सस्पेंड किया।

गौतम बुद्ध नगर के आशुतोष गुप्ता ने कार्रवाई का भरोसा दिया और एसआईटी का गठन हुआ।

### लेकिन बड़ा सवाल—

अगर सिस्टम सतर्क होता, तो क्या युवराज आज ज़िंदा होते?

### तीसरा और सबसे दर्दनाक गुनाह : बचाव व्यवस्था की विफलता

मौके पर पहुँचे एक डिलीवरी एजेंट मोनिंदर ने बताया कि उन्होंने युवराज को बचाने की कोशिश की। लेकिन—

- पुलिस पानी में उतरने से हिचकती रही
- फायर ब्रिगेड ने असमर्थता जताई
- ठंड, लोहे की छड़ें और खराब विज़िबिलिटी बहाने बने

युवराज कार की छत पर खड़े होकर चीखते रहे— सिस्टम ने 6 घंटे तक आत्मसमर्पण किया।

एनडीआरएफ को कार निकालने में 100 घंटे लगे—
जबकि एक ज़िंदा इंसान को बचाने के लिए तत्परता नदारद रही।
बयान आए कि 'पुलिस परिवार के साथ खड़ी है।'
पर सवाल— क्या खड़े रहने से जान बचती है?

### तो असली गुनाहगार कौन?

**सच यह है कि इस मौत का कोई एक आरोपी नहीं—**

- बिल्डरों की लालच
- प्रशासन की उदासीनता
- बचाव तंत्र की अक्षमता
- और पूरे सिस्टम की संवेदनहीनता

युवराज दो साल पहले अपनी माँ को खो चुके थे। उस रात उन्होंने पिता को फोन किया— पिता सुन सके, बचा नहीं सके।

बीजेपी सांसद महेश यर्मा ने कहा कि दोषियों को सजा मिलेगी। पर क्या सजा काफी है?

### निष्कर्ष : यह मौत एक चेतावनी है

यह सिर्फ युवराज की कहानी नहीं— यह हर उस नागरिक की कहानी है जो चमकते शहरों पर भरोसा करता है।

### अब ज़रूरत है—

- सख्त निर्माण नियमों की
- नियमित और ईमानदार निरीक्षण की
- रियल–टाइम आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की

अगर ऐसा नहीं हुआ, तो—
आज युवराज,
कल कोई और।
युवराज की मौत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए।
यह सिर्फ शोक नहीं— बदलाव की मांग है।




# शांति का मुखौटा, सत्ता की रणनीतिः ट्रंप का वैश्विक विरोधाभास

-ललित गर्ग-

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा में डूबे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व और कार्यशैली वैश्विक राजनीति के लिए एक गहरी विडंबना एवं विरोधाभास बनकर उभरी है। शांति का मसीहा बनने का उनका दावा जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही विरोधाभासी उनके कदमों का यथार्थ है। दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति–दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो। अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, स्थानीय जनता की सहमति और जवाबदेही–इन सबको दरकिनार कर शांति थोपने की यह कोशिश बताती है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति कोई नैतिक या मानवीय मूल्य नहीं, बल्कि शक्ति–प्रदर्शन और राजनीतिक लाभ का औजार है। इस तरह बमों के साये में शांति का दावा ढकोसला ही है, जिसमें शांति का सौदा एवं सत्ता की भूख ही दिखती है। ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं–ट्रंप इसी प्रवृत्ति का मुखर चेहरा हैं।




डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है।

शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता–केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है।

यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो, वह अचानक शांति का नया ठेकेदार कैसे बन सकता है? ट्रंप की राजनीतिक सोच में शांति किसी मानवीय प्रतिबद्धता का नहीं, बल्कि सौदेबाजी, नियंत्रण और लाभ का साधन प्रतीत होती है। इसलिए उनके प्रस्तावित शांति संस्थान की उपयोगिता पर गंभीर संदेह खड़ा होता है। बिना वैधता, जवाबदेही और वैश्विक सहमति के खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक नहीं बन सकती; वह केवल शक्तिशाली देशों की इच्छाओं को थोपने का उपकरण या जरिया ही बनती है।

इस संदर्भ में ट्रंप का यह प्रयास शांति की दिशा में एक ठोस पहल नहीं, बल्कि हिंसा–प्रधान नीतियों पर पर्दा डालने और वैश्विक शासन व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने का एक और षडयंत्र एवं कुचेष्टा ही दिखाई देता है।

ट्रंप की सोच में शांति का अर्थ संघर्षों का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ना है। कभी वे संयुक्त राष्ट्र के समानांतर इस तरह की एक कथित शांति–व्यवस्था खड़ी करने की बात करते हैं, तो कभी ईरान पर युद्ध की धमकी देते हैं।

एक ओर वे यूरोपीय देशों की तारीफ कर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर उन्हीं देशों पर व्यापारिक प्रतिबंधों और सैन्य खर्च का दबाव डालते हैं। यह दोहरा आचरण और कथनी और करनी का भेद वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। शांति की भाषा बोलते हुए हथियारों की बिक्री, सैन्य गठबंधनों का विस्तार और आर्थिक दंड–ये सब उनकी नीतियों के अभिन्न अंग रहे हैं। परिणामस्वरूप दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की आहटें तेज हैं और मानवता अस्तित्व के मुहाने पर पहुंचती प्रतीत होती है।

गाजा संकट के संदर्भ में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि बिना वैधता, सहमति और जवाबदेही के थोपी गई शांति कभी स्थायी नहीं होती। यदि नागरिकों की सुरक्षा, जीवन की गरिमा और राजनीतिक अधिकारों को नजरअंदाज किया जाए, तो कोई भी समझौता खोखला साबित होगा। ट्रंप का दृष्टिकोण इन मूलभूत सच्चाइयों को अक्सर अनदेखा करता है। आर्थिक वादों को राजनीतिक अधिकारों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना एक खतरनाक भ्रम है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह जाता है। शांति तभी टिकाऊ हो सकती है जब उसमें स्थानीय लोगों की वास्तविक आवाज शामिल हो, उनके दुख–दर्द को समझा जाए और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में ईमानदार पहल हो।

भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है।


भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। लेकिन यदि शांति प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र को दरकिनार करती है, तो यह भारत की स्थापित कूटनीतिक परंपरा के अनुकूल नहीं होगा।

भारत ने हमेशा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बजाय स्थिरता और संवाद को प्राथमिकता दी है। ऐसे में ट्रंप–प्रेरित पहल में शामिल होना भारत के लिए भी एक नैतिक और रणनीतिक चुनौती बन सकता है। वास्तव में ट्रंप की नीतियां एक ऐसे विश्व–दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं, जहां शक्ति ही सत्य है और नैतिकता केवल भाषणों तक सीमित है। उनकी बयानबाजी में नफरत और विभाजन की छाया साफ दिखती है। आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर उनकी भाषा ने वैश्विक स्तर पर असहिष्णुता को बढ़ावा दिया। जब विश्व का सबसे शक्तिशाली देश इस तरह का संदेश देता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों से नहीं लड़ा जाता, वह विचारों और शब्दों से भी लड़ा जाता हैकुऔर ट्रंप के शब्द अक्सर आग में घी डालने का काम करते रहे हैं।

आज दुनिया जिन संकटों से जूझ रही है–यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व तक, एशिया से अफ्रीका तक, उनमें कहीं–न–कहीं महाशक्तियों की स्वार्थपूर्ण नीतियों की छाया है। ट्रंप का दौर इस प्रवृत्ति को और उग्र बनाता दिखाई दिया, जहां वैश्विक सहयोग के बजाय 'मैं पहले' की मानसिकता हावी रही। शांति के नाम पर दबाव, सौदेबाजी और धमकी–यह त्रयी मानवता के लिए घातक है। जो नेता स्वयं को शांति का प्रतीक बताता है, उससे अपेक्षा होती है कि वह पुल बनाए, दीवारें नहीं; संवाद बढ़ाए, युद्ध नहीं; भरोसा पैदा करे, भय नहीं। इस तरह प्रश्न यही है कि क्या शांति पुरस्कार की आकांक्षा मात्र से कोई शांति–दूत बन सकता है? यदि जवाबदेही, सहमति और मानवीय मूल्यों के बिना शांति थोपने की कोशिश की जाए, तो वह शांति नहीं, एक नया संघर्ष जन्म देती है। ट्रंप की कार्यशैली इसी सच्चाई की गवाही देती है। आज जब मानवता युद्धों में अपने जीवन को खो रही है, तब शांति का ढोंग और भी क्रूर प्रतीत होता है। दुनिया को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि करुणा, न्याय और बहुपक्षीय सहयोग से शांति की राह प्रशस्त करे। अन्यथा शांति मसीहा होने का यह नाटक इतिहास में एक विफल और खतरनाक प्रयोग के रूप में ही दर्ज होगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3777




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3776 का हल



## हंसी के फूव्वारें

सेकेंड क्लास के डिब्बे में बहुत ज्यादा भीड़ थी. एक यात्री ने उसमें चढ़ने की कोशिश की . तभी अन्दर से किसी ने कहा- 'इधर जगह नहीं है कोई दूसरा कम्पार्टमेंट देखिए!'

'अरे भई! मुझे तो सिर्फ खड़े रहने भर के लिए स्थान चाहिए.' बाहर वाले ने कहा.

'तो फिर प्लेटफार्म पर ही आराम से खड़े रहिए न. अन्दर आकर हमको क्यों तंग करते हो ?' अन्दर से तुरन्त आवाज आई.

□ □ □

सुरेश को गम्भीर सोच में डूबे देखकर उसके मित्र नरेश ने पूछा- 'क्यों भई, इतनी गहराई से क्या सोच रहे हो ?'

'बेटे के कारण मैं बहुत परेशानी में हुँ . कुछ समझ में नहीं आता कि क्या करूँ ? मैं चाहता हूँ कि वह जज बने. बेटे की मां चाहती है कि वह प्रोफेसर बने और बेटा डाक्टर बनने की जिद किये बैठा है.'

'तुम्हारे लड़के की उम्र कितनी है?' नरेश ने जिज्ञासावश पूछा.

'चार साल !' सुरेश ने बताया.

इसपर नरेश ने अपना माथा पीट लिया.


□ □ □

शालिनी - मेरे पिताजी का साहित्य में गहरा योगदान है.

रीतू -क्या वे बहुत बड़े लेखक हैं?

शालिनी ने कहा- नहीं, वे किताबों की जिल्दसाजी करते हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3777



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगू ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3776



## सूडोकु -3777

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3776 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3777



**बाएँ से दाएँ**

1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**

1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

शब्द पहेली - 3776 का हल



# इंजीनियर की कार गड्ढे से निकाली गई

## पुलिस ने बिल्डर को गिरफ्तार किया, 16 जनवरी को इंजीनियर की डूबने से मौत हुई थी



**नोएडा।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के चौथे दिन उसकी कार को गड्ढे से निकाल लिया गया। मंगलवार शाम 6: 40 बजे क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ के 30 कर्मचारियों की टीम ने कार निकालने के लिए करीब साढ़े छह घंटे मशक्कत की।

सुबह 11 बजे एनडीआरएफ की टीम सेक्टर-150 (घटनास्थल पर) पहुंची। वहां स्टीमर बोट से 12 लोगों की 2 टीमें पानी के अंदर गईं। करीब एक घंटे तक मौका-मुआयना किया। लेकिन, गाड़ी का पता नहीं चला।

इसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने सोनार साउंड और नेवीगेशन मशीन की मदद से बेसमेंट की गहराई का पता लगाया। इसी की मदद से कार को डिटेक्ट किया। फिर हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाल लिया गया। अब कार की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी।

वहीं, इस मामले में नामजद बिल्डर अभय कुमार को नॉलेज पार्क इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इंजीनियर की मौत होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जवाबदेही न होने के कारण इंजीनियर की जान गई है।

### एसआईटी ने शुरू की जांच, पिता से बात की

इस मामले की जांच के लिए एसआईटी के अफसर मंगलवार को नोएडा पहुंचे। दोपहर में करीब 12 बजे जांच अधिकारी नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे। 12: 30 बजे मीटिंग शुरू हुई। बैठक में प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

उनके अलावा एडीजी मेरठ भानु भास्कर, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, मेरठ मंडल आयुक्त भानु चंद गोस्वामी, डीएम मेघा रूपम भी शामिल हुईं। मृतक के पिता को बुलाया गया। आधे घंटे तक एसआईटी के अधिकारियों ने उनसे बातचीत की। हादसा कब और कैसे हुआ, इस बारे में पूछा।

उसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया। फिर स्थ्क्रन्न के अधिकारियों को बुलाया गया। उनसे हादसे के बारे में पूछताछ की गई। 2: 30 बजे बैठक खत्म हुई।

### अब घटना के बारे में जानिए...

16 जनवरी की रात करीब 12 बजे युवराज मेहता (27) अपनी ग्रैंड विटारा कार से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। सेक्टर-150 मोड़ पर यूटर्न था। कोहरे की वजह से उन्हें आगे का रास्ता नहीं दिखा और उनकी कार पानी से भरे प्लॉट के गड्ढे में गिर गई। मॉल के बेसमेंट के लिए यहां 30 फीट का गड्ढा खोदा गया था।

युवराज किसी तरह डूबती कार से बाहर निकलकर उसकी छत पर चढ़ गए। 12.20 बजे उन्होंने अपने पिता को फोन करके हादसे की जानकारी दी। पिता ने तुरंत डायल-112 पर घटना की सूचना दी। कुछ ही मिनट में पिता वहां पहुंच गए। करीब 30 मिनट बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीमें पहुंची। रात 1.15 बजे एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची।

### एनडीआरएफ के पहुंचने से पहले डूब चुका था

उस समय घने कोहरे की वजह से युवराज की सिर्फ आवाजें ही सुनाई दे रही थी। युवराज करीब 80 मिनट तक चिल्लाते रहे कि कोई मुझे बचा लो। कार जल्दी ही डूब जाएगी। लेकिन कोई उनकी मदद नहीं कर सका। फिर पौने दो बजे के करीब गड्ढे भरे पानी में कार समेत युवराज डूब गए। रात 1.55 बजे पर एनडीआरएफ की टीम गाजियाबाद से मौके पर पहुंची। सुबह करीब 4: 30 युवराज का शव बाहर निकाला गया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पुलों का निरीक्षण किया

## सड़क सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने के निर्देश दिए



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर में सड़क सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने के लिए अभियान चलाया है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और प्रेरणा सिंह ने नालों पर बने पुलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा रेलिंग को मजबूत करने, रिफ्लेक्टर और कैट्स आई लगाने के निर्देश दिए।

यह अभियान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देशों पर शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य सड़कों पर आवागमन को अधिक सुरक्षित बनाना है। प्राधिकरण की टीम सोमवार से इस कार्य में जुटी हुई है। एसीईओ ने सेक्टर गामा वन और पी-3 के पास बनी पुलिया पर विशेष रूप से सड़क सुरक्षा उपायों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान, एसीईओ ने सेक्टर पाई वन में एक बिल्डर प्रोजेक्ट का भी दौरा किया और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने बिल्डर को अधिक बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सेक्टर स्वर्णनगरी में सड़क किनारे नालियों पर टूटे स्लैब को तुरंत ठीक करने के लिए भी कहा गया। अधिकारियों ने सेक्टर पी-1 स्थित सिटी सेंटर और शगुन मार्ट का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, वरिष्ठ प्रबंधक रतिक और प्रबंधक संध्या सिंह भी दोनों एसीईओ के साथ मौजूद रहे।

# नोएडा में कैंटर से टकराई जगुआर, एक की मौत : तीन घायल

## अस्पताल में कराए गए भर्ती, कैंटर ड्राइवर की तलाश




**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में एलिवेटेड रोड पर कैंटर और जगुआर कार आपस में टकरा गई। कार में सवार चार युवक-युवतियां घायल हो गईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुमारी फलक अहमद (19) की मौके पर मौत हो गई। बाकी का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस अज्ञात कैंटर की तलाश कर रही है।

घटना में आयुष भाटी (18), नील पवार (18), फलक अहमद (19) और अंश (18) अपनी कार एचपी 11 सी 6330 में सवार होकर भंगेल से अगाहपुर की ओर आ रहे थे। कार चालक ने एलिवेटेड रोड पर आगे चल रहे एक अज्ञात कैंटर को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे कार कैंटर टकराकर गई। घटना इतनी भीषण थी मौके पर ही फलक अहमद की मौत हो गई। बाकी का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

पुलिस कैंटर चालक की तलाश कर रही है। वहीं घटना बाद थोड़ी देर तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने फलक अहमद के परिजनों को जानकारी दी है। हादसा इतना तेज था कि जगुआर का ड्राइवर सीट का हिस्सा पूरी तरह से गायब हो गया।

### वायु प्रदूषण में मामूली कमी, बेहद खराब श्रेणी में हवा

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में मंगलवार को मामूली कमी दर्ज की गई। हालांकि, दोनों शहरों का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा। दोनों शहरों का एक्यूआई क्रमश 382 और 372 दर्ज किया गया। नोएडा के एक्यूआई में एक दिन पहले के मुकाबले 30 अंक की कमी दर्ज की गई। ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई तीन अंक कम हुआ। नोएडा में दो स्थानों पर एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया। दो तीन दिन दोनों शहरों का एक्यूआई 300 से अधिक रहने की आशंका है। मौसम विज्ञान विभाग ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा का अधिकतम तापमान जारी नहीं किया न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रहा। दो दिन बारिश हो सकती है नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 22 और 23 जनवरी को बारिश होने की संभावना है। दोनों दिन बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश हो सकती है।

# ग्रेटर नोएडा में शराब विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## दो दिन बाद अस्पताल में मौत, तीन नामजद आरोपियों पर केस दर्ज



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक की पत्नी संध्या ने बताया कि उनके पति क्षेत्रपाल 18 जनवरी की रात करीब 9: 30 बजे अपने साथियों शिव, जितेंद्र, अभिषेक और रोहित के साथ सुनील भाटी के मकान में कमरा नंबर 61 व 62 के पास शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात पर विवाद शुरू हुआ, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया।

आरोप है कि रोहित, जितेंद्र और अभिषेक ने मिलकर क्षेत्रपाल के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल जिम्स अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें यथार्थ अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रविवार सुबह क्षेत्रपाल की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर बीटा-2 थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

मृतक की पत्नी की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। बीटा-2 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# हेड रेगुलेटर बनता तो ना भरता प्लाट में पानी

## 2015 में प्रस्तावित की गई थी योजना, हिंडन नदी में मोड़ा जाना था पानी



**नोएडा।** सेक्टर-150 में जलभराव वाले गहरे गड्ढे में डूबकर 27 साल के इंजीनियर की मौत के बाद सरकारी रिकॉर्ड से यह सामने आया है कि इलाके के लिए प्रस्तावित स्टॉर्मवॉटर मैनेजमेंट योजना वर्षों से कागज़ों में ही अटकी रही। बारिश के पानी की निकासी के लिए बनाई गई योजना पर 2015 से चर्चा, सर्वे और निरीक्षण होते रहे, लेकिन इसे ज़मीन पर लागू नहीं किया गया।

उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने वर्ष 2015 में ही सेक्टर-150 से वर्षा जल को हिंडन नदी में मोड़ने के लिए एक हेड रेगुलेटर के निर्माण का प्रस्ताव रखा था। 9 अक्टूबर 2023 को सिंचाई निर्माण खंड, गाजियाबाद के कार्यकारी अभियंता द्वारा नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक को भेजे गए पत्र में इस परियोजना के लंबे समय से लंबित रहने का पूरा ब्यौरा दिया गया है। पत्र में 2015 से 2023 के बीच हुए कई पत्राचार का ज़िक्र है, जिनमें विकसित हो रहे सेक्टरों के बारिश के पानी को हिंडन नदी तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई गई थी।

### ज्वाइंट निरीक्षण किया गया

पत्र के अनुसार, 4 अक्टूबर 2023 को सेक्टर-150 में प्रस्तावित रेगुलेटर स्थल पर संयुक्त निरीक्षण किया गया था। इसमें नोएडा प्राधिकरण के डिप्टी जनरल मैनेजर (सिविल व जल), वरिष्ठ व सहायक प्रबंधक तथा सिंचाई विभाग के इंजीनियर शामिल थे।

रिकॉर्ड बताते हैं कि फरवरी 2016 में नोएडा प्राधिकरण ने सर्वे, डिज़ाइन और ड्रॉइंग के लिए सिंचाई विभाग को 13.5 लाख जारी किए थे। प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर एक कंसल्टेंट के माध्यम से डिज़ाइन तैयार कराए गए, जिन्हें IIT दिल्ली से अनुमोदन भी मिला।

### पहले मैकेनिकल बाद में स्मार्ट वॉटर योजना

प्रारंभिक योजना में मैकेनिकल गेट वाला रेगुलेटर प्रस्तावित था। हालांकि अक्टूबर 2023 के निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अन्य सेक्टरों का स्टॉर्मवॉटर भी इसी नाले से जुड़ चुका है, जिससे डिस्चार्ज बढ़ सकता है। इसके चलते मैकेनिकल गेट की जगह हाइड्रोलिक या न्यूमैटिक गेट लगाने का सुझाव दिया गया। इसके बाद सिंचाई विभाग ने डिज़ाइन में संशोधन की आवश्यकता बताते हुए नए सर्वे, संशोधित ड्रॉइंग और अद्यतन हाइड्रोलॉजिकल डेटा के लिए 30 लाख की अतिरिक्त मांग की।

### मानसून में डूबे प्लाट

इस देरी का असर 2023 के मानसून में साफ दिखा, जब सेक्टर-150 और आसपास के इलाकों में भारी जलभराव हुआ। कई सोसायटियों के बेसमेंट पानी में डूब गए। निवासियों का कहना है कि रेगुलेटर न होने के कारण बारिश का पानी हिंडन नदी में नहीं छोड़ा जा सका। नदी का जलस्तर बढ़ने पर बैकफ्लो का खतरा भी बना रहा। ATS, ACE, गोदरेज, टाटा, एल्डेको और समृद्धि जैसे डेवलपर्स की आवासीय परियोजनाएं इससे प्रभावित हुईं।

### भेड़ों की मौत के बाद एनजीटी की टीम ने पानी के नमूने लिए

**दनकौर।** मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में दूषित पानी से सोमवार को 25 भेड़ों की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी फैक्टरी संचालक को हिरासत में लिया, लेकिन शाम को उसे छोड़ दिया गया। वहीं, एनजीटी की टीम ने फैक्टरी के केमिकल और पानी के नमूने लिए। राजस्थान निवासी बाला सिंह सोमवार दोपहर अपनी भेड़ों को महमदपुर गांव के जंगल में चरा रहा था। भेड़ें गांव के नजदीक बनी फैक्टरी से निकल रहे पानी को पीने पहुंच गईं। पानी पीते ही एक-एक कर भेड़ों की मौत होने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सक टीम को मौके पर बुलाकर भेड़ों का इलाज शुरू किया, लेकिन जब तक 25 भेड़ मर चुकी थीं। अब भी 50 से अधिक भेड़ों का इलाज हो रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में दलदल में फंसा गोवंश

## गौरक्षकों ने हाइड्रा मशीन से कड़ी मशक्कत के बाद बचाया

**जेवर।** मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक गोवंश गोबर के ढेर से बने दलदल में फंस गया। यह घटना दनकौर-सिकंदराबाद मार्ग पर समसपुर गांव के पास हुई। राहगीरों की सूचना पर जिले के गौरक्षक तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, गोवंश को दलदल से निकालने के लिए हाइड्रा मशीन का उपयोग किया गया। काफी मशक्कत के बाद गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने बचाव कार्य पर राहत की सांस ली।

जिला गौरक्षक प्रमुख त्रिलोक नागर ने बताया कि खुले में गोबर या कचरे के ढेर से गोवंश और आमजन दोनों को खतरा रहता है। उन्होंने ऐसे स्थानों पर चारदीवारी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि पशुओं की जान जोखिम में न पड़े। नागर ने यह भी कहा कि गौरक्षक जिले में गोवंश के संकट में होने की किसी भी सूचना पर तत्काल सेवा कार्य में जुट जाते हैं और यह अभियान जारी रहेगा।

बचाव अभियान में एसआई रविकांत के साथ गौरक्षक साथी गौरव, विकास, अनुज और अन्य लोग मौजूद रहे।

सभी के सहयोग से गोवंश को सुरक्षित बचाया जा सका। स्थानीय ग्रामीणों ने गौरक्षकों की तत्परता और मानवीय प्रयासों की सराहना की।

# प्राचीन मंदिर से पीतल के दो भारी घंटे चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित बिलासपुर कस्बे के प्राचीन भूतेश्वर शिव मंदिर से सोमवार रात अज्ञात चोर दो भारी पीतल के घंटे चोरी कर ले गए। चोरों ने मंदिर परिसर में लगे 10 से अधिक घंटों में से दो को निशाना बनाया। मंगलवार सुबह घटना का पता चलने पर मंदिर प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मंदिर प्रबंधन से जुड़े मोहित योगी और रमाकांत ने बताया कि चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने वर्षों पुराने दो भारी पीतल के घंटे चुरा लिए। यह पहली बार नहीं है जब इस मंदिर को निशाना बनाया गया है। करीब एक महीने पहले भी अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर दान राशि चुरा ली थी। पिछली चोरी की घटना के संबंध में भी पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन अब तक न तो चोरों का कोई सुराग मिला है और न ही चोरी हुआ सामान बरामद हो सका है। क्षेत्र के श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और चोरी हुए घंटे तथा दान राशि बरामद करने की मांग की है।

### साइबर ठगी कर सोना खरीदने वाली महिला गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह महिला साइबर ठगी के माध्यम से सोने के आभूषण खरीदती थी। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 2.15 लाख रुपये मूल्य की सोने की ज्वैलरी और घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर अभियुक्ता प्रियंका वत्स पत्नी विक्रांत वत्स को सेक्टर-119 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक सोने की चेन और एक जोड़ी कानों के टॉप्स मिले, जिनकी कीमत 2,15,060 रुपये बताई जा रही है। ज्वैलरी के साथ स्टोर का बिल भी बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्ता ने खुलासा किया कि वह अपने पति विक्रांत वत्स के साथ मिलकर लोगों को एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देती थी। इसके लिए वे फेसबुक पर विभिन्न ग्रुप और पेज बनाकर लोगों से संपर्क करते थे।

# विदेशी नागरिक ने सोसायटी सुपरवाइजर से की मारपीट

## ग्रेटर नोएडा में घटना, आंख के पास गंभीर चोट; वीडियो वायरल



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपरटेक गोल्फ कंट्री सोसायटी में एक अफ्रीकी नागरिक द्वारा सुरक्षा सुपरवाइजर से मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में सुपरवाइजर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीड़ित की पहचान दनकौर थाना क्षेत्र के लतीफपुर निवासी सचिन कुमार के रूप में हुई है, जो सोसायटी में मेंटेनेंस सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। सचिन कुमार ने बताया कि सोमवार रात वह सोसायटी के गेट पर ड्यूटी के दौरान एक अफ्रीकी निवासी का लिविंग कार्ड चेक कर रहे थे। इसी बात को लेकर आरोपी अफ्रीकी नागरिक गुस्सा हो गया और उसने सचिन कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने सचिन कुमार पर चाकू से हमला किया, जिससे उनकी आंख के पास गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गए।

# शार्ट न्यूज

### नामी कंपनी के तीन राइडर्स पर केस दर्ज

**नोएडा।** नामी ई-कॉमर्स कंपनी में कार्यरत तीन राइडर्स ने मिलकर ग्राहकों को भेजे जाने वाले कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान को रास्ते में बदल दिया। उन्होंने नए की जगह पुराना या घटिया सामान पैक कर दिया। इस मामले में तीन नामजद राइडर्स के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। शिकायत कंपनी के अधिकारी ने दी है। नामी ई-कॉमर्स कंपनी में सीनियर लीड के पद पर कार्यरत मेरठ निवासी आयुष शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सेक्टर-81 स्थित उनकी कंपनी की शाखा में नवंबर 2025 के दौरान कुल 20 शिपमेंट प्राप्त हुए, जिनकी कुल कीमत करीब 6.39 लाख रुपये थी।जब इन शिपमेंट की आंतरिक जांच की गई तो पता चला कि कई पैकेट में भेजा गया वास्तविक सामान नहीं था। जांच में सामने आया कि शाखा में कार्यरत तीन राइडर्स कपिल कुमार, अनिरुद्ध सिंह चौहान और सुमित कुशवाह ने मिलीभगत कर फ्लिपकार्ट ऐप पर दर्शाए गए असली सामान को डिलीवरी से पहले निकाल लिया। आरोपियों ने हाई डिस्क और नामी कंपनी के हेडफोन जैसे महंगे उत्पाद निकालकर उनकी जगह पुराने और बेकार सामान पैक कर दिए।

### दिल्ली घुमाने के बहाने बाइक ले भागे

**नोएडा।** फेज-2 थाना क्षेत्र निवासी युवक को दिल्ली घुमाने के बहाने जमकर शराब पिलाई। नशे की हालत में आरोपी उसे सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के नीचे छोड़कर भाग गए। पीड़ित ने तीन माह बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-81 स्थित बुढ़ा गांव निवासी गौरव कुमार ने पुलिस को बताया कि वह घरों में रंगाई-पुताई का काम करते हैं। कुछ दिन पहले वह लेबर चौक से सलीम के साथ में काम करने के लिए लाए थे। सलीम 16 अक्तूबर की सुबह करीब 10.30 बजे उनके पास आया। उसने दिल्ली के निजामुद्दीन चलने के लिए कहा।पीड़ित गौरव कुमार अपने पिता नरेश की बाइक लेकर दिल्ली की ओर चल दिए। सलीम बाइक चला रहा था, जबकि गौरव पीछे बैठा था। रास्ते में दोनों ने जमकर शराब पी। दोपहर में करीब तीन बजे दोनों दिल्ली पहुंच गए। जहां सलीम ने कहा कि अब दोनों बाइक से नोएडा वापस नहीं जाएंगे। उसने एक व्यक्ति से संपर्क कर कार बुला ली। दोनों लोग कार में बैठ गए, जबकि उनकी बाइक को एक अन्य व्यक्ति पीछे-पीछे लेकर नोएडा की ओर चल दिया। रास्ते में दोनों ने दोबारा शराब पी। नोएडा में सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के नीचे आरोपियों ने पीड़ित को नशे की हालत में उतार दिया और चले गए।

### फ्लैट खरीदारों को रजिस्ट्री शुरू होने की आस जगी

**ग्रेटर नोएडा।** देविका गोल्ड होम्स सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक की। उन्हें 20 दिन के अंदर परिसर में रजिस्ट्री शुरुआत करने का आश्वासन दिया गया । ऐसे में लोगों को जल्द घर का मालिकाना हक मिलने की आस जग गई है। नेफोमा के मुख्य सलाहकार दीपक दूबे ने कहा कि सोसाइटी 714 फ्लैट हैं। इसका पजेशन मिले हुए छह वर्ष बीत चुके पर फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हुई। बिल्डर के ऊपर बकाया होने के कारण लंबे समय से रजिस्ट्री की प्रक्रिया रुकी हुई थी।वहीं, प्राधिकरण के अधिकारी बिल्डर पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे थे। ऐसे में लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका डाली। इस पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्राधिकरण को तीन माह के भीतर रजिस्ट्री का निर्देश दे चुका है। अन्नू खान ने कहा कि यह प्रयासों की बड़ी जीत है। लाखों घर खरीदार जो फ्लैट लेकर रजिस्ट्री न होने के कारण ठगा हुआ महसूस कर रहे थे, उन्हें उम्मीद की एक नई किरण दिखाई पड़ी है। उन्होंने बताया कि अब प्राधिकरण ने 20 दिन के भीतर परिसर में रजिस्ट्री शुरू होने का आश्वासन दिया है।

### ग़ाज़ियाबाद की केमिकल फैक्ट्री में आग लगी

**लोनी।** गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र के मोहनगर चौराहे के पास लोनी रोड पर मौजूद औद्योगिक क्षेत्र के हर्षा कंपाउंड में मंगलवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक केमिकल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गई। फैक्ट्री से उठती लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। बताया जा रहा है कि आग एएमएक्स मेडिकल सिस्टम नामक केमिकल फैक्ट्री में लगी। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सात फायर टेंडर मौके पर भेजे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके को खाली कराया गया, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। 10 दमकल की गाड़िया मौके पर बुलाई गई।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे किनारे मिला युवक का शव

**मोदीनगर।** मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के किनारे मंगलवार दोपहर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था और पशु उसे नोंच रहे थे। पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार दोपहर एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम कलछीना के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान उनकी नजर एक्सप्रेस-वे किनारे पड़े शव पर पड़ी, जिसके पास पशुओं का जमावड़ा था। पेट्रोलिंग टीम ने तत्काल भोजपुर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी सचिन बालियान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव का चेहरा पूरी तरह क्षत-विक्षत था। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन शिनाख्त संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। मृतक की उम्र करीब 29 वर्ष बताई जा रही है और शव ज्यादा पुराना नहीं लग रहा था। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में शव पर चोट के कोई गंभीर निशान नहीं मिले हैं।

### पान दुकान पर लूट, दुकानदार घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर में 20 जनवरी 2026, रविवार शाम को एक पान की दुकान पर लूट की वारदात हुई। कपड़ा मिल के ठीक सामने स्थित इस दुकान पर तीन-चार बाइक सवार युवकों ने दुकानदार धीरज को घायल कर दिया। हमलावर गल्ले से चार से पांच हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए। दुकानदार धीरज ने बताया कि हमलावरों ने पहले सिगरेट मांगी। इसके बाद उन्होंने अचानक धीरज के सिर पर किसी भारी वस्तु से जोरदार वार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया। घटना के समय दुकान पर कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था, और हमलावरों ने तेजी से वारदात को अंजाम देकर भागने में सफलता हासिल कर ली। गंभीर रूप से घायल धीरज को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### गाजियाबाद में रेप करने वाला गिरफ्तार

**लोनी।** ग़ाज़ियाबाद के ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ रेप करने के मामले आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे पुलिस प्रद्युम्न बसोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि दूसरा आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा है। दरअसल ट्रॉनिका सिटी पुलिस को मध्यप्रदेश के गढाकोटा थाने से जीरो एफ आई आर प्राप्त हुई जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपियों ने 14 साल की नाबालिक बच्ची के साथ झुग्गी में घुसकर बारी बारी रेप किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रद्युम्न बसोर को हरियाणा के गुरुग्राम की सुशांत लोक सेक्टर-43 से गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा आरोपी उत्तर अभी पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा है, प्रद्युम्न (20) मूल रूप से मध्य प्रदेश के सागर जिले का रहने वाला है।

# खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

## स्ट्रीट फूड वेंडर्स की सफाई, पेयजल जांच और खाद्य प्रतिष्ठानों पर सख्ती के निर्देश

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर माह तक की गई छापेमारी, नमूना संग्रह, न्यायालय में लंबित वादों और प्रवर्तन कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी ने जनपद के सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा प्रत्येक ठेले और खोमचे के पास ढक्कनदार कूड़ेदान अनिवार्य रूप से रखवाने के निर्देश दिए। नगर मजिस्ट्रेट के सुझाव पर खुले में मांस से बने खाद्य पदार्थों के प्रदर्शन और पकाने पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आवासीय विद्यालयों में आपूर्ति किए जाने वाले खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण हेतु वायुरोधी कंटेनर के प्रयोग पर जोर दिया गया। नगर पालिका को पाइपलाइन से आपूर्ति किए जा रहे पेयजल की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही न्यायालय में लंबित खाद्य सुरक्षा मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) को निर्देशित किया गया। जनपद में एल्कोहोलिक बेवरेज की दुकानों, उचित दर दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रों को खाद्य सुरक्षा विभाग के लाइसेंस/पंजीकरण से आच्छादित करने के निर्देश भी दिए गए।

# सुल्तानपुर में वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर में अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में पल्सर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारगंज बाजार में शाम करीब छह बजे हुई। पुलिस के अनुसार, एक अज्ञात वाहन ने पल्सर बाइक पर सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में शिव पल्टन का पुरवा सेउर चमुरखा निवासी सुमित यादव (25 वर्ष) पुत्र जोखू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बाइक पर सवार अन्य दो युवक, सेउर चमुरखा निवासी जिगर (22) पुत्र जुबेर और कैफ (25) पुत्र आफात, गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल एम्बुलेंस द्वारा कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. प्रयेश दीक्षित ने सुमित यादव को मृत घोषित कर दिया।

# पत्नी ने बेटों संग मिलकर पति का चेहरा कूचा

## लखनऊ में गड्ढे में फेंकी लाश, भाई बोला- लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला



**लखनऊ।** लखनऊ में पत्नी ने बेटों संग मिलकर पति का सिर कूचकर हत्या कर दी। उसका शव घर से करीब 1 किमी दूर गड्ढे में पड़ा मिला। मंगलवार सुबह लोगों ने शव देखते ही इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान 50 साल के अर्जुन पाल के रूप में की।

पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर उसकी पत्नी और बेटों को हिरासत में लिया है।

उसका आरोप है कि भाई की पत्नी और बेटों ने लाठी-डंडों से पीट कर हत्या की है। इसे हादसा दिखाने के लिए लाश को गड्ढे में फेंक दिया। घटना मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खड़ता गांव की है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नबीनगर नहर पुलिया के पास गड्ढे में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे स्थानीय लोगों ने शव देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो मृतक की पहचान खड़ता गांव के रहने वाले अर्जुन पाल के रूप में हुई।

मृतक के भाई मुन्नू लाल ने बताया- मैं सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचा। भाई अर्जुन पाल के शव के ऊपर ई-रिक्शा पड़ा था। चेहरे पर चोट के निशान थे। वहीं, पास में स्टील की टंकी और खून से सना बिस्तर पड़ा था।

# मंत्री सचान के बंद कॉलेज में बच्ची की लाश मिली

**कानपुर।** कानपुर में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के बंद पड़े डिग्री कॉलेज में 9 साल की बच्ची की लाश मिली है। बच्ची क्लासरूम में दुपट्टे के फंदे से लटकी हुई थी। कमरे में टीवी चल रही थी।

चौकीदार ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए। बाबा बैजनाथ डिग्री कॉलेज 2016 से बंद है। बच्ची नानी के साथ इसी कॉलेज में रहती थी। घटना के बाद से नानी फरार है। वैष्णवी उर्फ रानी प्राइमरी स्कूल में क्लास-2 में पढ़ती थी।

पुलिस आईडी कार्ड देखकर हैरान रह गई। इसमें पिता की जगह नाना और मां की जगह नानी का नाम लिखा है। फिलहाल, पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है।

वैष्णवी उर्फ रानी की मां लक्ष्मी की दूसरी शादी बाबूपुरवा निवासी मंजीत से हुई। पिता मंजीत ने बताया- पत्नी लक्ष्मी की पहली शादी से एक बेटी वैष्णवी उर्फ रानी थी, जिसकी देखरेख नानी ममता करती थी। हमारी और लक्ष्मी की दो बेटियां रिद्धि और कीर्ति भी हैं। दोनों बेटियां और पत्नी लक्ष्मी के साथ हम लोग बाबूपुरवा में रहते हैं।

# प्रतिबंधित पशु वध कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## मुठभेड़ में तीन आरोपी घायल होकर गिरफ्तार, एसपी की सख्ती से दो पुलिसकर्मी निलंबित

**पीलीभीत।** पूरनपुर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पशु वध की सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार शाम बड़ी कार्रवाई की। धनाराघाट मार्ग पर हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग हुई, जिसमें तीन आरोपी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गए। तीनों के दाहिने पैर में गोली लगने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, इससे पहले ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए एक आरोपी के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई करते हुए हल्का दरोगा और पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

घटना रविवार देर रात की है। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर के दक्षिण स्थित सत्यपाल के बाग में रात के सन्नाटे के बीच खटखट की आवाज सुनकर ग्रामीण सतर्क हो गए।

पहले पेड़ काटने की आशंका में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। चार लोग प्रतिबंधित पशु की हत्या कर मांस के टुकड़े कर रहे थे। ग्रामीणों को आता देख तीन आरोपी मौके से भाग निकले, जबकि एक आरोपी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

पुलिस की लापरवाही, आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार सूचना मिलने पर डायल 112 पीआरवी मौके पर पहुंची। पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल बनवारी लाल गौतम ने आरोपी के बंधे हाथ-पैर खुलवा दिए और उसे वाहन में बैठाने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपी ने अचानक हाथ छुड़ाया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। आरोपी के फरार होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हल्का दरोगा मनोज कुमार और पीआरवी के हेड कांस्टेबल बनवारी लाल गौतम को निलंबित कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कोतवाली पुलिस को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

# जनपद में, एक जनपद एक व्यंजन की हुई शुरुआत

## स्थानीय उत्पाद में ललितपुर का दूध का हलवा, बाजरे की रोटी और बर्फी का हुआ चयन

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी के अभिनव प्रयास के तहत 'एक जनपद एक उत्पाद' की तर्ज पर 'एक जनपद एक व्यंजन' की शुरुआत की गई, जिसके तहत ललितपुर में दूध का हलवा, बाजरे की रोटी और बर्फी को एक जनपद एक व्यंजन के आधार पर चयनित किया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ललितपुर के स्थनीय व्यंजनों को बढ़ावा देना एवं आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाना है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा और



देश-विदेश में ललितपुर के उत्पादों की ख्याति बढ़ेगी। जिलाधिकारी की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए उद्यमियों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया और जनपद के स्थानीय उत्पाद भेंट स्वरुप प्रदान किये गए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि वह मण्डी परिषद का लोड कैलकुलेट करके जल्दी बताया जाये, जिससे उस ट्रांसफार्मर का उपयोग अन्य यूनिटों को सप्लाई देने के लिए किया जा सके। औद्योगिक संगठनों ने मण्डी के आसपास अराजक तत्वों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत की, जिस पर यातायात प्रभारी व नगर पालिका को निर्देश दिये गए कि मण्डी के आसपास किसी भी स्तर पर किसानों व व्यापारियों से अवैध वसूली न होने पाए। उपायुक्त उद्योग को उद्यमियों के साथ समय-समय पर बैठक औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने व इकाईयां स्थापित कराने के निर्देश दिये गए। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ललितपुर में फूड प्रोसेसिंग व रेडीमेट गारमेंट्स का क्लस्टर तैयार किया गया है, जिसे जल्द ही स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, अग्रणी बैंक प्रबंधक रंजीत कुमार, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, औद्योगिक संगठनों से कमलेश सर्राफ सहित अन्य प्रमुख उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# आत्महत्या को उकसाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस ने आत्महत्या को उकसाने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर, अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 15/2026 धारा 108 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण रतीराम सहरिया पुत्र सुकलाल उम्र करीब 36 वर्ष, आलोप उर्फ अवधरानी पत्नी रतीराम सहरिया उम्र करीब 40 वर्ष नि0गण ग्राम डुंगरिया थाना पाली जनपद ललितपुर हा0नि0 ग्राम जैरवारा थाना जखौरा जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । मुकदमा उपरोक्त के वादी द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्तगण की प्रताड़ना से परेशान होकर वादी के भाई(मृतक) द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में ।

# एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक

- अन्य जिलों की अपेक्षा ललितपुर में अनमेप्ड मतदातों की संख्या कम, राजनैतिक दलों व प्रशासनिक टीम ने किया अच्छा काम : कमिश्नर

**ललितपुर।** मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी/रोल प्रेक्षक बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण -2026 के सम्बंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की और एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। बैठक के दौरान रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों एवं अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा लगभग 22 वर्ष बाद एसआईआर हो रहा है, इसमें हमें मिलकर काम करना है और मतदाता सूची की शत प्रतिशत शुद्ध कराना है राजनैतिक दलों और प्रशासनिक टीम ने मिलकर एसआईआर में बहुत अच्छा काम किया है, इसका परिणाम यह है कि अन्य जिलों की अपेक्षा हमारे यहां अन्मेप्ड मतदाताओं की संख्या कम है। इसलिए यहां नोटिस दिए जाने की संख्या भी बहुत कम है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि स्थानीय होने के नाते उन्हें मतदाताओं के बारे में अधिक जानकारी है, ऐसे में वे मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं की मैपिंग में प्रशासनिक टीम का सहयोग करें, आगामी 31 जनवरी व 1 फरवरी को पुन: विशेष बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, इसमें अपने अपने बीएलए के माध्यम से बीएलओ को मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं का सही डेटा उपलब्ध करा दें।

# कानपुर में दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा में हंगामा

**कानपुर।** कानपुर में मंगलवार को दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। सर्वर फॉल्ट के चलते सुबह पहली शिफ्ट की परीक्षा रद्द कर दी गई। इससे नाराज अभ्यर्थियों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ कर दी। सर्वर रूम में घुसकर छात्रों ने कंप्यूटर, कांच, दरवाजे, कुर्सियां, वायर तोड़ दिए। नाराज छात्रों ने बताया- पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9 बजे से थी, जबकि एंट्री सुबह 8.45 बजे से होनी थी। तय समय बीतने के बाद भी कॉलेज का मेन गेट नहीं खुला। गेट बंद रहने से बाहर खड़े सैकड़ों छात्र-छात्राएं नाराज हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। कॉलेज प्रबंधन ने सर्वर में खराबी की बात कहकर छात्रों को इंतजार करने को कहा। फिर भनक लगी कि परीक्षा नहीं होगी।

# मिशन शक्ति के तहत अभियान, चलाकर छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी



अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# 4 साल की बच्ची को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में 4 साल की बच्ची को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। कुत्ते बच्ची को खींचकर तालाब के पास ले गए। कुत्तों ने बच्ची के शरीर पर करीब 12 जगह नोचा। उसका एक पैर तक खा गए। नजर पड़ने पर लोग दौड़े तो कुत्ते भाग गए।

इस घटना से पूरा गांव सहम गया और परिवार में कोहराम मच गया। परिवार की ओर से पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है। पूरा मामला डिलारी थाना क्षेत्र में काजीपुरा गांव का है।

### अब जानिए पूरा मामला....

काजीपुरा गांव में रहने वाले नौशाद की गांव में ही सोने-चांदी की दुकान है। नौशाद की 4 साल की बेटी नुरसद सोमवार शाम 7.30 बजे घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया। कुत्ते उसे खींचकर घर से करीब 100 मीटर दूर तालाब के पास ले गए।

इधर काफी देर तक बच्ची घर नहीं लौटी तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। रात करीब आठ बजे परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश करते हुए तालाब के पास पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि कुत्तों का झुंड बच्ची को नोच रहा है।

लोगों ने डंडे से किसी तरह कुत्तों को वहां से भगाया। लेकिन तब तक नुरसद की मौत हो चुकी थी। कुत्ते उसका एक पैर खा चुके थे। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि परिवार की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई है।

# पार्षद कुन्दन पाल को मातृशोक



**ललितपुर।** प्रेस क्लब के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार एवं सिविल लाइन द्वितीय वार्ड नंगर 17 से पार्षद की पूज्यनीय माताजी का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन होने से शोक की लहर दौड़ गई। शहर के अनेक समाजसेवी, पत्रकार बंधु, राजनैतिक दलों के नेतागण सहित उनके शुभचिंतक अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

# शार्ट न्यूज

## 22 जनवरी से खुरपका-मुंहपका रोग के खिलाफ बड़ा टीकाकरण अभियान

**पीलीभीत।** दुधारू पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए जनपद में 22 जनवरी से सातवें चरण का व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान 10 मार्च तक चलेगा, जिसमें लगभग तीन लाख गोवंश एवं भैंसवंशीय पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सर्दी और मौसम परिवर्तन के दौरान यह रोग तेजी से फैलता है, जिससे पशुओं के खुर और मुंह में घाव, दुग्ध उत्पादन में गिरावट और कई बार मृत्यु तक हो जाती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लाइव स्टॉक हेल्थ एंड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर कार्य करेंगी। पशुपालकों से अपील की गई है कि वे समय रहते टीकाकरण की तिथि और कर्मियों की जानकारी प्राप्त करें तथा किसी भी स्थिति में अपने पशुओं को टीकाकरण से वंचित न रखें।

## दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पीलीभीत।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 40 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को फल, फूल, सब्जी एवं मसाला फसलों जैसे हल्दी, मिर्च और लहसुन की खेती पर मिलने वाले सरकारी अनुदान की जानकारी दी गई। पालीहाउस और नेट हाउस में उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती को रोजगार का बेहतर साधन बताया गया। वैज्ञानिकों द्वारा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अंतर्गत लघु उद्यमियों को 35 प्रतिशत अनुदान एवं बैंक ऋण की सुविधा की जानकारी भी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने सब्जी फसलों में रोग एवं कीट नियंत्रण, आलू की फसल में झुलसा रोग से बचाव तथा फलदार पौधों की बागवानी को स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभकारी बताया।

## पुलिस ने लौटाई खुशी खोये हुए मोबाइल फोन पाकर खिल उठे चेहरे, 23 हजार रुपये रही कुल कीमत

**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस ने दो खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर , उनके स्वामियों को सुपुर्द कर, चेहरे पर लौटाई मुस्कान। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विशषलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर दो गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया । पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना जखौरा पुलिस की भूरि ङ्क भूरि प्रशंसा की गयी । दो मोबाइल फोन विभिन्न कम्पनियों के अनुमानित कीतम 23,999/- रुपये ।

## कुएं में 10 साल के बच्चे की गिरकर मौत

**आगरा।** आगरा में नानी की साड़ी बांधकर साइकिल निकालने कुएं में उतरे 10 साल के बच्चे की गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे की डेडबॉडी 24 घंटे बाद कुएं से निकाली। इस दौरान उसकी कमर में साड़ी बंधी हुई थी। शव मिलने पर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि साथियों के बहकावे में आकर वह साइकिल निकालने के लिए कुएं में उतरा था। पूरा मामला बाह तहसील के बसौनी की है। बसौनी के पुरोहितनपुरा के रहने वाले मामा रामधुन ने बताया- मेरी बहन का बेटा सनी मेरे घर पर ही रहकर पढ़ाई करता है। उसके पापा-मम्मी बाह के पार्वतीपुरा में रहते हैं। सनी रविवार की दोपहर में घर से निकला था। लेकिन वो शाम तक घर नहीं लौटा। इसके बाद परिवार के लोगों को चिंता हुई। इसके बाद नाना गुरु नारायन ने गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस और परिजन मिलकर उसे खोजने लगे। रातभर उसकी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार सुबह कुछ बच्चों ने बताया- गांव में कुएं के पास उसे साइकिल चलाते हुए देखा था। जब गांव के लोग कुएं के पास पहुंचे तो बाहर साइकिल का टायर पड़ा था। अंदर देखा तो सनी दिखाई दिया।

## हाईवे पर मजार अतिक्रमण का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में मंगलवार दोपहर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने रुड़की रोड स्थित मेरठ-हरिद्वार हाईवे पर कथित अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकारी भूमि पर बनी एक मजार को हटाने के लिए जिला प्रशासन से बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान, शिवसेना कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने पूरे मामले की जांच कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की। मंगलवार को मुजफ्फरनगर के रुड़की रोड स्थित मेरठ-हरिद्वार हाईवे पर दर्जनों शिवसेना कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्र हुए। उन्होंने सरकारी भूमि पर बने कथित अवैध अतिक्रमण का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि रुड़की रोड पर स्थित सरकारी जमीन पर बना एक पीर (मजार) वर्षों से धीरे-धीरे फैलता जा रहा है। शिवसेना जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी ने बताया कि पहले यह पीर मात्र 10 गज के क्षेत्र में था, जो अब बढ़कर लगभग 100 गज तक फैल गया है। सैनी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा लगातार जारी है और कई वर्षों से यहां चोरी की बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## कांग्रेस अध्यक्ष गौरव भाटी हाउस अरेस्ट

**मेरठ।** वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस कमेटी ने सरधना और मवाना तहसील में ज्ञापन देने का कार्यक्रम तय किया था। हालांकि, विरोध प्रदर्शन से पहले ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरव भाटी, मवाना ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद भाटी और सरधना तहसील पर जिला महासचिव जितेंद्र पांचाल को रात में ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद, एसीएम सिविल लाइन प्रभाकर तिवारी ने कैंप कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन स्वीकार किया। जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने मांग की कि 10 जनवरी को ध्वस्त की गई लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति को गंगा किनारे घाट पर सम्मानपूर्वक पुन: स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि वाराणसी का मणिकर्णिका घाट हिंदू धर्म में मोक्ष प्राप्ति का सर्वोच्च तीर्थ स्थल है और यह सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। भाटी ने बताया कि लोकमाता पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर ने 18वीं शताब्दी (लगभग 1791 ई.) में इस घाट का जीर्णोद्धार और सुशोभन करवाया था।

## अयोध्या मे 4 चोर गिरफ्तार

**अयोध्या।** अयोध्या की रौनाही पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर 4 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी का शत प्रतिशत सामान भी बरामद कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इन आरोपियों के खिलाफ पहले भी आपराधिक धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रौनाही थाना क्षेत्र में 9 जनवरी 2026 को चोरी की तीन वारदातें हुई थीं। ग्राम बड़ागांव के ट्यूबवेल सहजौरा बड़ागांव से झटका मशीन की दो बैटरी, इंजन का एक बंडल पट्टा और एक बंडल तार चोरी हुआ था। इसी दिन ग्राम रहीमपुर बदौली के ट्यूबवेल से झटका मशीन की एक बैटरी और ग्राम सहजौरा के ट्यूबवेल से दो बैटरी चुराई गई थीं। इसके बाद, 15 जनवरी 2026 को भी दो अन्य घटनाएं सामने आईं। ग्राम बड़ागांव के ट्यूबवेल से झटका मशीन की बैटरी और एक बोरी खाद चोरी हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में 150 साल पुराने हिंदू मंदिर पर धोखाधड़ी के आरोप

**डरबन , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन में 150 साल से भी अधिक पुराना एक हिंदू मंदिर धोखाधड़ी के आरोपों से जूझ रहा है। मंदिर पर नगर निगम का पांच लाख रेंड लगभग 27.64 लाख रुपये का बिल भी बकाया है, जिसके कारण मंदिर की नागरिक सेवाओं के बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। दक्षिण अफ्रीकी हिंदू महासभा समुदाय से 151 साल पुराने उम्बिलो श्री अम्बालावनार अलायम मंदिर को बचाने का आह्वान किया। भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर की स्थापना 1860 में भारत से डरबन गए गिरमिटिया मजदूरों ने की थी। यह दक्षिण अफ्रीका का पहला हिंदू मंदिर है। इसे 1980 में राष्ट्रीय विरासत स्थल घोषित किया गया था। मंदिर के अधिकारियों ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया में इस आर्थिक सकंट की जानकारी देते हुए कहा, मंदिर के रखरखाव में भी दिक्कत आ रही है। मंदिर प्रबंधन पर दान की धनराशि निजी बैंक खातों में ट्रांसफर करने के आरोप हैं। मंदिर के कार्यकारी प्रबंधन ने अब फोरेंसिक ऑडिट शुरू करने का फैसला किया है। यह ऑडिट सभी वित्तीय लेनदेन, फंडिंग रिकॉर्ड और बताई गई विसंगतियों की जांच, सत्यापन और मिलान करेगा, जिसमें मौजूदा ऑडिटर की रिपोर्ट से संबंधित विसंगतियां भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान के छात्र समूहों का 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी एकजुटता मार्च का एलान

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों के छात्र संगठनों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं और अन्य मुद्दों को उजागर करने के प्रयासों के तहत 12 फरवरी को पूरे पाकिस्तान में छात्र एकजुटता मार्च की घोषणा की है। डॉन के अनुसार यह घोषणा लाहौर प्रेस क्लब में आयोजित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई, जिसमें प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स कलेक्टिव के केंद्रीय महासचिव इकबाल खान, द स्टूडेंट्स हेराल्ड के मुख्य संपादक काजी शहरयार, पीएससी की प्रवक्ता सारा अली, प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स कलेक्टिव के सूचना सचिव शेर अली, पूर्व उपाध्यक्ष अली रजा और जेकेएनएसएफ नेता मुजीब अकबर उपस्थित थे। इन समूहों ने यह भी घोषणा की कि छात्रों की आत्महत्याओं और परिसरों में छात्रों की व्यापक चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए लाहौर में गवर्नमेंट कॉलेज यूनिवर्सिटी (जीसीयू) से पंजाब विधानसभा तक एक मार्च निकाला जाएगा।

### पाकिस्तान : दिसंबर में 40 पर्यावरणीय नमूनों में पोलियो वायरस का पता लगाया

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** डॉन ने इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) की पोलियो प्रयोगशाला के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि दिसंबर महीने के दौरान चारों प्रांतों और संघीय राजधानी से लिए गए 40 पर्यावरणीय नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। एनआईएच पोलियो प्रयोगशाला के अधिकारी के अनुसार, दिसंबर 2025 में 87 जिलों से लिए गए 127 सीवेज नमूनों की पोलियो वायरस की उपस्थिति की जांच की गई। इनमें से 87 नमूनों की जांच नकारात्मक पाई गई, जबकि 40 नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया। बलूचिस्तान से कुल 23 नमूने एकत्र किए गए, जिनमें से 21 नकारात्मक और दो सकारात्मक पाए गए। खैबर पाकिस्तान से कुल 34 नमूने एकत्र किए गए , जिनमें से 26 नकारात्मक और आठ सकारात्मक पाए गए। पंजाब से 31 नमूने एकत्र किए गए, जिनमें से 25 नकारात्मक और छह सकारात्मक पाए गए। सिंध में छह नमूने नकारात्मक और 23 सकारात्मक पाए गए। इस्लामाबाद में पांच नमूनों में से एक सकारात्मक पाया गया।

### वेनेजुएला से मचाडो की सुरक्षित निकासी, अमेरिकी मदद से नोबेल लेने नॉर्वे पहुंची थी

**ओस्लो, एजेंसी।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता और 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो का अपने देश से सुरक्षित निकास का ड्रामाई वीडियो सामने आया है, जिसमें दिखता है कि कैसे एक अमेरिकी टीम की मदद से उन्होंने खतरों से भरा सफर तय किया और नॉर्वे पहुंचीं। मारिया मचाडो दिसंबर में वेनेजुएला से निकलकर नॉर्वे की राजधानी ओस्लो गई थीं, जहां उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वीकार करना था। यह पुरस्कार उन्हें लोकतंत्र और मानव अधिकारों के लिए उनके संघर्ष के लिए दिया गया था। वीडियो में दिखता है कि मचाडो कारिबियन सागर के किनारे एक छोटी नाव पर थीं, जहां उन्होंने अमेरिकी विशेष बल के अनुभवी सदस्य ब्रायन स्टर्न और उनकी टीम से मुलाकात की। इसके बाद वह दूसरी नाव में बैठती हैं और कैमरे से कहती हैं 'मैं मारिया कोरिना मचाडो हूं। मैं जीवित हूं, सुरक्षित हूं और ग्रे बुल टीम की मदद के लिए बेहद आभारी हूं। ग्रे बुल रेस्क्यू नाम की यह अमेरिकी टीम कई घंटों की कठिन नौकायन के बाद मचाडो को बचाकर सुरक्षित निकालने में सफल रही। इस राह में उन्होंने अंधेरे और खतरनाक समुद्री हवाओं का सामना भी किया। मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला में चुनावों में भाग लेने से रोका गया था और उन्हें अपने देश में डर का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वे लगभग एक साल तक गुप्त रूप से छिपी रहीं।

# स्पेन में भीषण रेल हादसा, दो ट्रेनों की जोरदार टक्कर, 21 लोगों की मौत और 75 घायल

**कोर्डोबा, एजेंसी।** स्पेन में भीषण रेल हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई और 75 घायल हैं। कोर्डोबा के पास एडमुज गांव के नजदीक यह दुर्घटना हुई। मलागा से मैड्रिड जा रही निजी कंपनी इर्यो की हाई-स्पीड ट्रेन का पिछला हिस्सा अचानक पटरी से उतर गया। इसके बाद यह दूसरी दिशा से आ रही ट्रेन से टकरा गई। हादसा रविवार शाम 7:45 बजे हुआ, जिसमें पहली ट्रेन में लगभग 300 और दूसरी में 200 यात्री सवार थे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंटे ने मौतों की संख्या 21 बताई। उन्होंने कहा कि सभी जीवित बचे लोगों को निकाल लिया गया है, हालांकि कुछ और शव बाकी हो सकते हैं। आंदालूसिया के क्षेत्रीय अध्यक्ष जुआनमा मोरेनो ने बताया कि 75 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें 15 की हालत गंभीर है। बचावकर्मी पूरी रात मलबे से शव निकालने में जुटे रहे। यह हादसा बेहद असामान्य बताया जा रहा है क्योंकि यह सपाट और हाल ही में मई में नवीनीकृत ट्रैक पर हुआ। पटरी से उतरने वाली ट्रेन चार साल से कम पुरानी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रेनफे ट्रेन के पहले दो डिब्बे पटरी से उतरकर 4 मीटर नीचे ढलान पर जा गिरे, जिससे उसके आगे के हिस्से को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा।

**'ऐसा लगा जैसे भूकंप आया हो' :** एक यात्री और पत्रकार साल्वाडोर



जिमेनेज ने बताया कि क्षण भर में ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो। यात्रियों ने इमरजेंसी हैमर से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश की। घटनास्थल दूरदराज होने के कारण पहुंचना मुश्किल था, फिर भी स्थानीय लोग कंबल और पानी लेकर मदद के लिए पहुंचे। स्पेनिश सेना, रेड क्रॉस और अन्य एजेंसियों ने बचाव अभियान में हिस्सा लिया।

**सदी का स्पेन का सबसे बड़ा ट्रेन हादसा :** स्पेन में यूरोप का सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क है, जिसमें 3100 किलोमीटर से अधिक ट्रैक हैं। यह काफी सुरक्षित माना जाता है। 2024 में रेनफे की हाई-स्पीड ट्रेनों में 2.5 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, राजा फेलिप वीआई और रानी लेटिजिया ने शोक व्यक्त किया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी संवेदना जताई। जांच में एक महीने तक लग सकता है। सोमवार को मैड्रिड और आंदालूसिया के बीच ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। यह इस सदी का स्पेन का सबसे बड़ा ट्रेन हादसा है।

**यात्री बोले- भूंकप जैसा झटका लगा :** रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। स्पेनिश पब्लिक ब्रॉडकास्टर टीआरवीई के पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज भी इर्यो ट्रेन में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन के आखिरी दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से एक पूरी तरह पलट गया। जिमेनेज के मुताबिक, ट्रेन शाम 6:40 बजे समय पर मलागा से रवाना हुई थी। कुछ देर बाद अचानक जोरदार झटका लगा और ट्रेन पटरी से उतर गई। इसके बाद यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया।

कई यात्रियों को खिड़कियों से बाहर निकलने के दौरान चोटें भी आईं। कुछ यात्रियों ने ट्रेन के अंदर धुआं भरने की भी शिकायत की।

**मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच ट्रेन सर्विस सस्पेंड :** स्पेन की रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर एजेंसी एडीआईएफ ने बताया कि मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच सभी ट्रेन सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी गई हैं। मौके पर आपातकालीन सेवाएं तैनात हैं और राहत-बचाव कार्य रातभर जारी रहा। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने कहा कि वह एडीआईएफ के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर से हालात पर नजर रखे हुए हैं।? ??रेस्क्यू ऑपरेशन में स्पेन की सेना की इमरजेंसी यूनिट्स भी शामिल की गई हैं। रेड क्रॉस की टीमें घायलों के इलाज में स्वास्थ्य अधिकारियों की मदद कर रही हैं। यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर हादसे पर दुख जताया।

# पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में चौंकाने वाला नतीजा

**लिस्बन, एजेंसी।** पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव में रविवार को चौंकाने वाले नतीजे में एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी के नेता दूसरे स्थान पर रहे। अगले महीने होने वाले दूसरे दौर के मतदान में उनका सामना एक मध्य-वामपंथी प्रतिद्वंद्वी से होगा, जो आधिकारिक नतीजों के अनुसार यूरोप की बढ़ती धुर दक्षिणपंथी पार्टियों के लिए एक और राजनीतिक सफलता ला सकता है। पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव के लिए लगभग 98 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। सात साल से भी कम समय पहले बनी चेगा पार्टी के नेता आंद्रे वेंचुरा को 24 प्रतिशत वोट मिले हैं। वह मध्य-वामपंथी समाजवादी उम्मीदवार एंटोनियो जोस सेगुरो से पीछे दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें लगभग 31 प्रतिशत वोट मिले। 8 फरवरी को दूसरे चरण के मतदान में दोनों शीर्ष उम्मीदवारों का आमना-सामना होगा।

**पुर्तगाल में वेंचुरा की पार्टी ने कैसे किया दमदार प्रदर्शन :** आंद्रे वेंचुरा का दमदार प्रदर्शन यूरोप में धुर दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर हो रहे बदलाव में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। दरअसल, हाल के वर्षों में लोकलुभावन पार्टियों ने सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले ली है या उसके करीब पहुंच गई हैं। जनता के भारी समर्थन के चलते चेगा पार्टी पिछले साल पुर्तगाल की संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई, जबकि इसकी स्थापना को महज छह साल ही हुए थे। वेंचुरा और उनके समर्थकों को



यूरोप भर में जैसे कि फ्रांस, जर्मनी, इटली और पड़ोसी देश स्पेन में समान विचारधारा वाली राष्ट्रवादी पार्टियों के बढ़ते प्रभाव से प्रोत्साहन मिला है। राष्ट्रपति चुनाव में रिकॉर्ड संख्या में अन्य नौ उम्मीदवार मैदान में उतरे, लेकिन कोई भी पहले दौर की जीत के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक वोटों के करीब नहीं पहुंच सका। चुनाव जीतने वाला राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा की जगह लेंगे, जिन्होंने पांच-पांच साल के दो कार्यकाल की सीमा पूरी कर ली है।

**अप्रवासियों के खिलाफ वेंचुरा का चुनाव प्रचार :** वेंचुरा ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान हाल के वर्षों में पुर्तगाल में विदेशी कामगारों की उपस्थिति को लेकर मुखरता से आवाज उठाई है। उनका कहना है कि पुर्तगाल हमारा है। चुनाव प्रचार के दौरान वेंचुरा ने पूरे देश में बिलबोर्ड लगवाए जिन पर लिखा था, 'यह बांग्लादेश नहीं है और प्रवासियों को कल्याणकारी योजनाओं पर जीने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।' पुर्तगाल में कुछ साल पहले तक सार्वजनिक रूप से इस तरह अप्रवासी-विरोधी भावना जताना अकल्पनीय था।

# मध्य अमेरिकी देश में गैंगवार से दहशत, जेल में हिंसा के बाद सात पुलिसकर्मियों की हत्या

**ग्वाटेमाला सिटी , एजेंसी।** मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में गैंग हिंसा ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। राजधानी ग्वाटेमाला सिटी और आसपास के इलाकों में हुए समन्वित हमलों में 7 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हिंसा उस वक्त भड़की जब सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में स्थित रेनोवेशन अधिकतम सुरक्षा जेल पर दोबारा नियंत्रण हासिल किया। एक रात पहले ही कैदियों ने तीन हाई-सिक्योरिटी जेलों पर कब्जा कर 46 जेल प्रहरियों को बंधक बना लिया था। बढ़ते तनाव को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने पूरे देश में सोमवार को स्कूल बंद रखने का फैसला लिया है। जेलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सैन्य गश्त भी तेज कर दी गई है। जेलों से बाहर भी हिंसा का असर अधिकारियों के अनुसार, जेलों में बंद गैंग लीडर्स ने बाहर मौजूद अपने साथियों को जवाबी हमलों के आदेश दिए। इसी के चलते राजधानी में पुलिस को निशाना बनाया गया। गृह मंत्री मार्को एंटोनियो विलेदा ने बताया कि इन हमलों में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जबकि एक गैंग सदस्य भी मारा गया।

**सुरक्षा बलों की कार्रवाई :** एंटी-रायट पुलिस ने एस्कुइंटला स्थित जेल में धावा बोलकर 9 बंधक प्रहरियों को सुरक्षित मुक्त करा लिया। इस दौरान भारी गोलीबारी हुई, लेकिन राहत की बात यह रही कि सभी प्रहरी सुरक्षित पाए गए। हालांकि, अब भी दो अन्य जेलों में 30 से अधिक गार्ड बंधक बने हुए हैं। पुलिस और सेना की संयुक्त टीमें लगातार हालात पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। गृह मंत्री ने साफ शब्दों में कहा राज्य अपराधियों के सामने नहीं झुकेगा। उन्होंने इसे सरकार द्वारा संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान का परिणाम बताया।

# ईरान के राष्ट्रपति बोले- खामेनेई पर हमले को जंग मानेंगे

## ट्रम्प ने कहा था- प्रदर्शनकारियों की हत्याएं जारी रहीं तो हम दखल दे सकते हैं

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पर हमला हुआ, तो इसे ईरान के खिलाफ जंग माना जाएगा। पजशकियान ने एक्स पर पोस्ट कहा कि किसी भी हमले का कठोर और पछतावे वाला जवाब दिया जाएगा। पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्याएं या फांसी जारी रहीं, तो अमेरिका दखल दे सकता है। ईरान में 28 दिसंबर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5,000 लोगों की मौत हो गई है। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रॉयटर्स को यह जानकारी दी है। दावा- ट्रम्प के दबाव में 800 लोगों की फांसी रुकी



ट्रम्प ने 15 जनवरी को बताया था कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी दावा किया कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3,428 प्रदर्शनकारियों को मार डाला गया, जबकि 18,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सका है।

**क्राउन प्रिंस पहलवी बोले- जल्द ईरान लौटूंगा :** ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह जल्द ईरान लौटेंगे और देश का नेतृत्व करेंगे। पेरिस से जारी किए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, आज ईरान में लड़ाई कब्जे और आजादी के बीच है। ईरानी जनता ने मुझे नेतृत्व के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। पहलवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि वह एक 'मुक्त ईरान' का सपना देखते हैं, जो इस्लामिक रिपब्लिक की नीतियों से पूरी तरह अलग होगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शांति, समृद्धि और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की ओर लौटना है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान में लोकतांत्रिक सरकार बनती है तो देश अपना परमाणु सैन्य कार्यक्रम खत्म करेगा, आतंकी संगठनों को समर्थन बंद करेगा और अमेरिका के साथ संबंध सामान्य करेगा। पहलवी ने यह भी कहा कि एक मुक्त ईरान इजराइल को मान्यता देगा और मध्य-पूर्व में स्थिरता लाने वाली ताकत बनेगा।

**अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर नए प्रतिबंध लगाए :** ट्रम्प प्रशासन ने 18 ईरानी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंधों लगाए हैं। इनमें ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारीजानी और कई अन्य अधिकारी शामिल हैं। अमेरिका का कहना है कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने प्रदर्शनों पर क्रूर कार्रवाई की योजना बनाई। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, 'राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के लोगों के साथ खड़े हैं और उन्होंने वित्त मंत्रालय को प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।' ईरान पहले से ही कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है।

# ईरान के हिंसक प्रदर्शनों में 5000 मौत, 24000 गिरफ्तार; सरकार बोली- आतंकवादियों ने मचाया कोहराम

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में अब तक हुए विरोध प्रदर्शनों में कम से कम 5000 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें लगभग 500 सुरक्षा कर्मी भी शामिल हैं। ईरानी अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी और कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप 'आतंकवादियों और सशस्त्र दंगाइयों' पर लगाया गया है। अधिकारी ने बताया कि ये आंकड़े पुष्टि किए जा चुके हैं। वहीं ईरानी अधिकारियों ने हिंसा के लिए बार-बार विदेशी दुश्मनों को जिम्मेदार ठहराया है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल पर अशांति फैलाने का आरोप लगाया और स्वीकार किया कि 'कई



हजार' लोग मारे गए हैं। ईरानी अधिकारी के अनुसार, ये प्रदर्शन 28 दिसंबर को आर्थिक बदहाली, महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में शुरू हुए थे। शुरुआत में लोग रोजमर्रा की परेशानियों को लेकर सड़कों पर उतरे थे, लेकिन दो हफ्तों के भीतर स्थिति तेजी से बिगड़ गई और आंदोलन ने राजनीतिक रूप धारण कर लिया। कई शहरों में सरकार विरोधी नारे लगाए गए और धार्मिक शासन को खत्म करने की मांग उठने लगी। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता समूह ने शनिवार को बताया कि उसने कम से कम 3308 मौतों को दर्ज किया है, जबकि 4382 अन्य मामलों की जांच चल रही है। समूह ने कहा कि 24000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ईरानी अधिकारी ने इन अनुमानों का खंडन करते हुए कहा कि पुष्टि की गई मृतकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इजरायल और विदेश स्थित सशस्त्र समूहों ने अशांति में शामिल लोगों का समर्थन किया और उन्हें हथियार मुहैया कराए।

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप के 'दोस्त' फिनलैंड के राष्ट्रपति ने सुना दी खरी-खरी

**हेलसिंकी , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड खरीदने के लिए डेनमार्क और अन्य यूरोपीय सहयोगियों पर 10 से 25 प्रतिशत तक टैरिफ की धमकी दी, तो यूरोप में हलचल मच गई। लेकिन सबसे चौंकाने वाला पल तब आया जब ट्रंप के करीबी 'दोस्त' और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने खुलकर अमेरिका को सुनाया। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए उन्होंने जोर दिया कि सहयोगी देशों के बीच विवादों को राजनीतिक या आर्थिक दबाव के बजाय संवाद और साझा नियमों के जरिए ही हल किया जाना चाहिए। यूरोपीय एकता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर बल देते हुए स्टब ने फिनलैंड के डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने चेतावनी दी कि संभावित अमेरिकी टैरिफ ट्रांसअटलांटिक संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं और एक खतरनाक दुष्चक्र को जन्म दे सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि फिनलैंड इस सिद्धांत पर चलता है कि सहयोगी देशों के बीच मामले बातचीत और साझा नियमों के माध्यम से सुलझाए जाते हैं, दबाव बनाकर नहीं। सहयोगियों के साथ मिलकर आर्कटिक सुरक्षा को मजबूत करना फिनलैंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। डेनमार्क के नेतृत्व में और सहयोगियों के समन्वय से ग्रीनलैंड में चल रही गतिविधियों का भी यही उद्देश्य है। यूरोपीय देश एकजुट हैं। हम क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के सिद्धांतों पर जोर देते हैं। हम डेनमार्क और ग्रीनलैंड का समर्थन करते हैं।



संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत जारी है। इससे पहले, नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित टैरिफ के मद्देनजर उनका देश यूरोपीय संघ आयोग के साथ चर्चा कर रहा है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि हमने राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ संबंधी घोषणा पर ध्यान दिया है। ग्रीनलैंड में सैन्य अभ्यास से जुड़े प्रयास आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा में योगदान देने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। नीदरलैंड्स अपनी प्रतिक्रिया के बारे में यूरोपीय संघ आयोग और साझेदारों के साथ निकट संपर्क में है। शनिवार को ट्रंप ने ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों को धमकी दी कि अगर वे ग्रीनलैंड को बेचने के लिए सहमत नहीं हुए तो उन पर टैरिफ लगा दिए जाएंगे। अपनी पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है, और उन्होंने इस क्षेत्र में चीन और रूस के हितों का हवाला दिया। उन्होंने यूरोपीय देशों के साथ बातचीत की पेशकश की, लेकिन चेतावनी दी कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो 1 फरवरी 2026 से 10 प्रतिशत टैरिफ और 1 जून 2026 से 25 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ा दिए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि वर्षों तक अमेरिकी समर्थन के बाद अब डेनमार्क के लिए कुछ वापस देने का समय आ गया है।

# आम चुनाव में पूर्व पीएम ओली के लिए चुनौती बनेंगे ये युवा नेता, बालेन शाह से गगन थापा तक दौड़ में

**काठमांडो , एजेंसी।** नेपाल में कड़ाके की ठंड के बावजूद चुनाव प्रचार ने सियासी गर्मी बढ़ा रखी है। तीन राजनीतिक दलों ने 5 मार्च को होने वाले आम चुनावों के लिए अपने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। देश की सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने हाल ही में अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को आधिकारिक तौर पर अपना प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

वहीं नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस और नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने अपने-अपने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों को 50 वर्ष से कम आयु का घोषित किया है। बीते सप्ताह 49 वर्षीय गगन थापा नेपाली कांग्रेस (एनसी) के अध्यक्ष चुने गए। उनके चुनाव के तुरंत बाद पार्टी के उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश शर्मा ने एलान किया कि थापा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।

गगन थापा के खिलाफ देउबा क्यों पहुंचे सुप्रीम कोर्ट वरिष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता चरण प्रसाई ने कहा, 'नेपाली कांग्रेस के सक्रिय नेता गगन थापा, जो जेन जी के युवाओं की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं, का अध्यक्ष पद पर चुनाव होने से वर्तमान चुनावी परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है।' हालांकि, नेपाली कांग्रेस के एक अन्य गुट, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा कर रहे हैं, ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें थापा के नेतृत्व वाले गुट को आधिकारिक तौर पर वास्तविक राष्ट्रीय कांग्रेस के रूप में मान्यता दी गई है।

**बालेन शाह आरएसपी के पीएम पद के उम्मीदवार :** इंजीनियर और गायक से राजनेता बने 35 वर्षीय बालेंद्र शाह 2022 में भारी बहुमत से काठमांडो महानगरपालिका के महापौर चुने गए थे। वह बालेन शाह के नाम से भी मशहूर हैं और काठमांडो के साथ पूरे देश में युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। स्वतंत्र उम्मीदवार



के रूप में महापौर चुनाव जीतने वाले बालेन अब अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हो गए हैं और आम चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया ताकि वे 20 जनवरी को होने वाले संसदीय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर सकें। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली को बालेन चुनौती देंगे, जिनकी उम्र उनसे आधी है। दोनों ने झापा-पांच निर्वाचन क्षेत्र से संसदीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है, जिससे पूर्वी नेपाल के कोशी प्रांत का यह जिला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। ओली के लिए कैसे चुनौती बने बालेन शाह? 2008 में हुए आम चुनाव को छोड़कर ओली पिछले तीन दशकों में छह बार झापा जिले से संसद के लिए चुने गए हैं। 2022 में हुए पिछले आम चुनाव में ओली ने नेपाली कांग्रेस के अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 28,000 से ज्यादा वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। इस बार ओली का मुकाबला लोकप्रिय युवा नेता बालेन से है, जिनकी उम्र उनसे आधी है। बालेन नेपाल की उभरती युवा शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि ओली रूढ़िवादी और कट्टरपंथी विचारधारा का चेहरा हैं।

पूर्व पीएम ओली के खिलाफ फूटा था जेन जी का गुस्सा जेन जी के युवाओं के पिछले साल सितंबर में हुए आंदोलन में 77 लोगों की मौत हो गई थी। जेन जी ने आरोप लगाया था कि इस आंदोलन को दबाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री ओली और नेपाली कांग्रेस के तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक ने हद से ज्यादा बल प्रयोग किया। गौरतलब है कि सैकड़ों आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के बलुवाटर स्थित प्रधानमंत्री आवास में तोड़फोड़ की थी। इसके चलते ओली को एक सेना के हेलीकॉप्टर से भागना पड़ा था।

# ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने खेल से संन्यास ले लिया है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइन ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि अब उनकी फिटनेस पहले जैसी नहीं रही है। इसी कारण वह प्रतिस्पर्धी खेलों में अब नहीं उतरेंगी। साइना ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने अंतिम बार कोई मुकाबला साल 2023 में सिंगापुर ओपन में खेला था। वह गत ढाई-तीन साल से पेशेवर बैडमिंटन से दूर रही हैं। उनके घुटने में भी समस्या है। इस कारण वह काफी समय से खेल से दूर चल रहीं थीं। उनकी उम्र भी 35 के करीब पहुंच रही है जिससे भी उनके खेल पर प्रभाव पड़ा है। उन्हें अपने योगदान के कारण अर्जुन पुरस्कार (2009), मेजर ध्यानचंद खेल रत्न (2010), पद्म श्री (2010) और पद्म भूषण (2016) जैसे अवार्ड मिले हैं।

साइना ने पिछले कुछ समय से बैडमिंटन नहीं खेला है और उसके बाद से ही उनके संन्यास की अटकलें लगायी जा रहीं थीं। साइना ने कहा, ''मैंने दो साल पहले ही खेलना छोड़ दिया था मैंने अपनी अनुसार ही खेला और अब संन्यास की घोषणा की है। साथ ही कहा कि अगर आप और खेलने में सक्षम नहीं हैं तो खेल में बने रहने का मतलब नहीं है।'' नेहवाल ने कहा कि यह फैसला उन्होंने घुटने की गंभीर समस्या से लिया, जिसकी वजह से लगातार उच्च दबाव वाली ट्रेनिंग कठिन हो गयी थी।

नेहवाल ने कहा, ÷ उनका घुटना दर्द कर रहा है। कार्टिलेज पूरी तरह से खराब हो गया है, इसके अलावा उन्हें जोड़ो की बिमारी है, यह बात मेरे माता-पिता को पता होनी चाहिए थी, मेरे कोच को यह जानना जरूरी था और मैंने बस उनसे कहा, 'अब शायद मैं यह और नहीं खेल पाऊंगी, यह कठिन है।÷ संन्यास की घोषणा पर साइना ने कहा, लोगों को धीरे-धीरे पता चल ही रहा था कि साइना नहीं खेल रही है। घुटने की चोट को लेकर साइना ने कहा, खेल में शीर्ष पर आने आठ से नौ घंटे ट्रेनिंग की जरुरी होती है पर अब मेरा घुटना एक या दो घंटे में ही दर्द करने लगा था।

गौरतलब है कि बैडमिंटन में ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाली साइना पहली भारतीय खिलाड़ी थीं। इसके अलावा वह साल 2015 में विश्व रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी भी रही थीं। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2008 में उन्होंने जीत हासिल की जबकि सुपर सीरीज खिताब 2009 इंडोनेशिया ओपन 2009 उन्होंने जीत हासिल की। 2010 और 2018 राष्ट्रमण्डल खेलों में उन्होंने स्वर्ण पदक भी जीता है। वह इन खेलों में दो एकल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।



# तनावपूर्ण माहौल में खेले गए मैच में सेनेगल ने मोरक्को को हराकर जीता अफ्रीका कप



**रबात (मोरक्को) (एजेंसी)।** सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे।

फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था। मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर घुसने की कोशिश की। यही नहीं सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। यह स्पष्ट नहीं था कि खेल जारी रह पाएगा या नहीं क्योंकि प्रशंसक सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए थे। इसके कारण 14 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था। खेल शुरू होने पर सेनेगल के एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज़ की पेनल्टी को आसानी से बचा लिया। इसके बाद गुये ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में विजयी गोल दागा। मोरक्को की पराजय के कारण 69,500 दर्शकों की क्षमता वाला प्रिंस मौले अब्देललाह स्टेडियम अंतिम सीटी बजते ही खाली होने लग गया था। सेनेगल के खिलाड़ियों को ट्रॉफी उठाते हुए देखने के लिए बहुत कम लोग बचे थे। सेनेगल ने दूसरी बार अफ्रीका कप जीता। इससे पहले वह 2021 में चैंपियन बना था।

# केन्द्रीय अनुबंध में विराट, रोहित का डिमोशन तय, बी ग्रेड में रखे जाने की संभावना

**इंदौर (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नये केन्द्रीय अनुबंध में अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा का डिमोशन होना तय है। अभी ये दोनो ही खिलाड़ी ए प्लस ग्रेड में हैं। ये ग्रेड उन खिलाड़ियों को मिलता है जो तीनों ही प्रारुप खेलते हैं। विराट और रोहित अब केवल एकदिवसीय प्रारुप ही खेलते हैं। ऐसे में इनका डिमोशन तय है। इसका एक और कारण ये है कि बीसीसीआई अनुबंध से ए प्लस कैटेगरी को समाप्त कर उसकी जगह पर केवल ए, बी और सी कैटेगरी को जारी रख सकती है। अगर ऐसा होता है तो फिर विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा का भी डिमोशन क्योंकि ये दोनो भी पिछली बार ए प्लस कैटेगरी में शामिल थे। बीसीसीआई को अक्टूबर 2025 से सितंबर 2026 तक के लिए केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा करनी है। ऐलान बीसीसीआई को करना है।




एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई एक बदला हुआ केन्द्रीय अनुबंध सिस्टम लाने वाला है, जिसके तहत ग्रेड ए प्लस को बंद कर दिया जाएगा। इस नये सिस्टम को मंजूरी मिली तो विराट और रोहित को बी ग्रेड में रखा जाएगा। ये दोनो ही अभी तक ए प्लस कैटेगरी में थे। रविंद्र जडेजा का भी यही हाल होगा पर जसप्रीत बुमराह ए कैटेगरी में चले जाएंगे।

चयहन समिति ने अनुबंध प्रणाली में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। कमिटी ने 7 करोड़ राशि वाले ए प्लस वर्ग को समाप्त कर केवल तीन वर्ग ए, बी और सी रखने को कहा है। इससे वेतन पर भी प्रभाव पड़ेका। ए प्लस कैटेगरी के लिए पहले 7 करोड़ मिलते थे, ए के लिए 5, बी के लिए 3 और सी के लिए 1 करोड़ रुपये सालाना मिलते थे। अगर ये मॉडल अप्रूव हुआ तो केवल एकदिवसीय खेल रहे रोहित और विराट को बी कैटेगरी में रखा जाएगा।

# आरसीबी ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाली पहली टीम बनी

**वडोदरा (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2026 में इतिहास रचते हुए गुजरात जायंट्स को 61 रनों से करारी शिकस्त दी और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। यह मुकाबला वडोदरा के कोटांबी स्थित बीसीए स्टेडियम में खेला गया। इस जीत के साथ RCB ने टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। गौतमी नाइक की संयमित अर्धशतकीय पारी और शानदार टीम प्रदर्शन के दम पर RCB इस सीजन नॉकआउट में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।



### लगातार जीतों का रिकॉर्ड, WPL में पहली बार हुआ ऐसा

RCB की यह जीत सिर्फ प्लेऑफ टिकट तक सीमित नहीं रही। 2025 सीजन के अंत से लेकर मौजूदा सीजन तक RCB अब लगातार छह मुकाबले जीत चुकी है, जो WPL इतिहास में एक नया रिकॉर्ड है।

अब तकः मुंबई इंडियंस ने दो बार लगातार 5 मैच जीते थे, RCB ने पहले भी एक बार 5 मैचों की जीत दर्ज की थी, दिल्ली कैपिटल्स का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 लगातार जीत रहा है; लेकिन स्मृति मंधाना की कप्तानी में RCB WPL के चार साल के इतिहास में लगातार छह जीत दर्ज करने वाली पहली टीम बन गई है।

### दिल्ली के खिलाफ नजर सातवीं जीत पर

अगर RCB 24 जनवरी को दिल्ली कैपिटल्स को हरा देती है, तो वहः WPL सीजन की शुरुआत में लगातार 6 जीत दर्ज करने वाली पहली टीम बनेगी, कुल मिलाकर जीतों की संख्या 7 तक पहुंच जाएगी, फिलहाल, सिर्फ मुंबई इंडियंस ही 2023 में सीजन की शुरुआत लगातार पांच जीत के साथ कर पाई थी।

### कैसे RCB ने गुजरात जायंट्स को दी मात

टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी RCB की शुरुआत खराब रही। शुरुआती दो ओवरों में ही ग्रेस हैरिस और जॉर्जिया वोल आउट हो गईं और टीम का स्कोर 9/2 हो गया।

इसके बादः गौतमी नाइक ने मोर्चा संभाला, कप्तान स्मृति मंधाना के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 60 रनों की अहम साझेदारी की, मंधाना 26 रन बनाकर ऐश्ले गार्डनर की गेंद पर LBW आउट हुई। नाइक की जिम्मेदार पारी की बदौलत RCB ने मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसके बाद गेंदबाज़ों ने गुजरात को पूरी तरह दबाव में रखा और 61 रन से बड़ी जीत दर्ज की।

# आईपीएल की तरह ही पीएसएल में भी होगी खिलाड़ियों की नीलामी

इस्लामाबाद । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर ही खिलाड़ियों की नीलामी आयोजित करेगा। पीसीबी इस साल अपने 11 वें सत्र से पहले ये बदलाव करेगा। इसके तहत ही अब तक जारी प्लेयर ड्राफ्ट प्रणाली की जगह प्लेयर नीलामी मॉडल रखा जाएगा। पीसीबी का कहना है कि वह विकास , प्रतिस्पर्धा के साथ ही नये तरीके अपननो पर जोर दे रहा है। जिससे कि टूर्नोमेंट का आकर्षण बढ़ सके। पीसीबी ने कहा कि बदलाव का लक्ष्य खेल में पारदर्शिता को बढ़ाने के साथ ही खिलाड़ियों को कमाई के अधिक अवसर देना है में नए नियमों के अनुसार हर फेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, जिसमें हर वर्ग से एक खिलाड़ी शामिल होगा। वहीं पहले हर फेंचाइजी को अपनी टीम से 8 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति थी जिसमें एक मेंटर, एक ब्रांड एंबेसडर और प्लेयर ड्राफ्ट में नौवें खिलाड़ी को रिटेन करने के लिए राइट टू मैच विकल्प शामिल था। पीएसएल 11 के लिए मेंटर, ब्रांड एंबेसडर और आरटीएम से जुड़े नियम हटा दिए गए हैं। नई शामिल होने वाली टीमों को प्लेयर नीलामी से पहले उपलब्ध प्लेयर पूल से चार खिलाड़ियों को चुनने और रिटेन करने की अनुमति होगी। हर फेंचाइजी को एक विदेशी खिलाड़ी की सीधे शामिल करने की भी इजाजत होगी। जो पीएसएल 10 में नहीं खेला था जिससे टीमें नई अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा के साथ लाकर अपनी टीमों को मज़बूत कर सकेंगी। इसके अलावा खिलाड़ियों का वेतन बढ़ाकर प्रति फेंचाइजी 16 लाख रुपये कर दिया गया है।

# 15 फरवरी को भारत–पाकिस्तान के बीच होंगे दो क्रिकेट मुकाबले

### - पुरुष टीमें टी20 विश्वकप, महिला टीमें एशिया कप राइजिंग स्टार्स मुकाबले में टकरायेंगी

मुम्बई । भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मुकाबलों का प्रशंसकों को इंतजार रहता है। इन मैचों में काफी रोमांच रहता है। अब एक बार फिर 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्वकप में दोनो ही टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। इस दिन दोनो ही टीमों के बीच एक नहीं दो मुकाबले होंगे क्योंकि इसी दिन दोनों देशों की पुरुष टीमों जहां टी20 विश्वकप, वहीं महिला टीमें एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में मुकाबला करेंगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट 13 से 22 फरवरी तक बैंकॉक, थाईलैंड में खेला जाएगा और इसमें कुल 8 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो समूहों रखा गया है। इस टी20 टूर्नामेंट में एशिया की शीर्ष महिला क्रिकेटर नजर आयेंगी। इसमें चार सदस्य देशों की 'ए' टीमें और क्षेत्र की चार शीर्ष एसोसिएट टीमें भी शामिल रहेंगी। इसकें ग्रुप ए में भारत ए, पाकिस्तान ए, यूएई और नेपाल हैं। भारत ए टीम अपना अभियान 13 फरवरी को यूएई के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद 15 फरवरी को पाकिस्तान ए से उसका मुकाबला होगा। वहीं टीम 17 फरवरी को नेपाल से खेलेगी। ग्रुप बी में श्रीलंका ए, बांग्लादेश ए, मलेशिया और मेजबान थाईलैंड के बीच मुकाबला होगा। वहीं दूसरी ओर भारतीय पुरुष टीम को टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप ए में पाकिस्तान, नामीबिया, नीदरलैंड्स और अमेरिका से खेलेगी। भारतीय टीम अपने विश्वकप अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को यूएसए के खिलाफ करेगी। वहीं 12 फरवरी को उसे नामीबिया, 15 फरवरी को पाकिस्तान और 18 फरवरी को नीदरलैंड्स से खेलना है।

# मोहम्मद शमी ने एसआईआर सुनवाई पूरी की, कहा- यह ऐसी चीज नहीं जिससे आपको नुकसान होगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी मंगलवार को कोलकाता में चुनाव आयोग के दफ्तर से अपनी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) सुनवाई पूरी करने के बाद कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान कोई समस्या नहीं हुई। शमी ने नागरिकों से आगे आकर चल रही SIR प्रक्रिया में हिस्सा लेने का भी आग्रह किया और जोर देकर कहा कि इससे किसी को कोई नुकसान नहीं होगा।

शमी ने अपनी SIR सुनवाई के बाद पत्रकारों से कहा, 'कोई समस्या नहीं थी... स्ढ्ढक्र ऐसी चीज नहीं है जिससे आपको नुकसान होगा... जिनके पास SIR फॉर्म नहीं है, उन्हें भी आना चाहिए।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शमी द्वारा भरे गए जनगणना फॉर्म में कुछ जगहों पर गड़बड़ियां थीं, जिसके कारण उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया गया था। उत्तर प्रदेश के रहने वाले शमी अपने क्रिकेट करियर के लिए पश्चिम बंगाल में रह रहे हैं। वह रणजी ट्रॉफी में बंगाल टीम का भी प्रतिनिधित्व करते हैं।



इस बीच तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें भारत के चुनाव आयोग (ECI) को पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभियान में 'लॉजिकल गड़बड़ियों' की श्रेणी में आने वाले मतदाताओं के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया था। CJI सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने पश्चिम बंगाल में स्ढ्ढक्र प्रक्रिया में प्रक्रियात्मक अवैधताओं का आरोप लगाने वाली विभिन्न याचिकाओं पर ECI को निर्देश जारी किए।

# सूर्यकुमार पहले टी20 में कर सकते हैं अपने 9000 रन पूरे



नागपुर । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टी20 मैच में 25 न बनाते ही अपने 9000 रन पूरे करे लेंगे। ये रन बनाते ही सूर्या 9000 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। उनसे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा और शिखर धवन ने ही 9000 रन बनाये हैं। पिछले एक साल में सूर्यकुमार का टी20 में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वह अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाये। कप्तानी की जिम्मेदारी के कारण उनकी बल्लेबाज़ी पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। यूर्या ने अब तक 346 मैच में 8,975 रन बनाये हैं। उनका औसत 34.78 जबकि स्ट्राइक रेट 152 से अधिक है। उनके नाम 6 शतक और 59 अर्धशतक हैं। भारत के लिए टी20 क्रिकेट में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विराट के नाम है, जिन्होंने 414 मैचों में 13,543 रन बनाए हैं। वहीं दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं, जिनके खाते में 463 मैचों में 12,248 रन हैं। वहीं शिखर धवन के नाम 334 मैचों में 9,797 रन हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं।

# लेह में छठे खेलो इंडिया शीत खेलों की शुरूआत, आइस हॉकी सहित ये खेल भी होंगे शामिल



लेह । उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने अत्याधुनिक एनडीएस आइस हॉकी स्टेडियम पर छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 की शुरूआत की मंगलवार को घोषणा की। खेल अगले सात दिन तक चलेंगे और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर इनका समापन होगा। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि 19 प्रदेशों के 1060 प्रतिभागी इन खेलों में भाग लेंगे जिनमें खिलाड़ी, तकनीकी अधिकारी, सहयोगी स्टाफ और वालिंटियर के साथ भारतीय सेना और भारत तिब्बत सीमा पुलिस शामिल है। उन्होंने कहा कि आइस हॉकी और स्पीड स्केटिंग के अलावा पहली बार फिगर स्केटिंग की स्पर्धायें भी होंगी। उद्घाटन समारोह में गुप्ता ने कहा कि लगातार तीसरे साल खेलों की मेजबानी से लद्दाख की क्षमता, प्रतिबद्धता और चुनौतीपूर्ण उच्च पर्वतीय हालात में बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी की तैयारियों पर देश का भरोसा झलकता है। उन्होंने खेलों के विकास के लिये विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एनडीएस आइस हॉकी रिंक, गुपुक तालाब और लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर रिंक खेलों के लिये पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि एनडीएस स्टेडियम पर 53.58 करोड़ रूपए की लागत से आइस हॉकी रिंक बड़ी उपलब्धि है और कारगिल में एक और आइस हॉकी रिंक तैयार हो रही है जिससे लद्दाख में शीतकालीन खेलों का बुनियादी ढांचा और मजबूत होगा।

# भारतीय टीम पहले टी20 में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी

**नागपुर (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम बुधवार को यहां पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज को जीतकर अगले माह होने वाली टी20 सीरीज के लिए लय हासिल करना रहेगा। भारतीय टीम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में टी20 में अच्छा रहा है पर सूर्यकुमार के बल्ले से रन नहीं निकले हैं। ऐसे में सूर्यकुमार का लक्ष्य इस सीरीज में अधिक से अधिक रन बनाकर टी20 विश्वकप के लिए फार्म हासिल करना रहेगा। सूर्यकुमार ने साल 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी जिसके बाद से ही भारतीय टीम को अधिकतर मुकाबलों में जीत मिली है।

पिछले दो साल में भारतीय टी20 टीम को कुछ मुकाबलों में ही हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में कीवी टीम के खिलाफ होने वाले इस मुकाबले में भी वह जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। भारतीय टीम को हालांकि बल्लेबाजी तिलक वर्मा की कमी खेलेगी। तिलक सर्जरी के कारण इस इस मैच में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड की टीम भी काफी अच्छी है। इससे पहले हुई एकदिवसीय सीरीज में जीत से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे मिलेगा हालांकि उसकी राह इतनी आसान नहीं है। भारतीय टीम ने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। टीम के पास अभिषेक शर्मा जैसे आक्रामक बल्लेबाज और वरुण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। वहीं न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से केवल 13 में जीत हासिल की है। उसके पास आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे हैं। टीम के पास कप्तान मिचेल सैंटनर जैसा स्पिनर और जैकब डफी जैसा तेज गेंदबाज है। अच्छी फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स के रहने से टीम काफी मजबूत हुई है। तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क इस मैच में रहेंगे। इसका कारण है कि माइकल ब्रैसवेल और एडम मिल्ने दोनो ही फिट नहीं हैं।

वहीं भारतीय टीम के पास ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या हैं। स्पिनर वरुण भारतीय टीम के मुख्य हथियार होंगे। वरुण के सातवें से 15वें ओवर के बीच के चार ओवर अक्सर मैच का रुख बदील देते हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।




**न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी, क्रिस्टियन क्लार्क।

# सिनर ने खिताबी हैट्रिक अभियान की सकारात्मक शुरुआत की, ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बनाई जगह



मेलबन। मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, 'मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था।' सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।

# चांदी 3.13 लाख के पार नए शिखर पर, सोने ने भी बनाया रिकॉर्ड

**- सुरक्षित निवेश की बढ़ी मांग, टैरिफ धमकियों से बाजार में तेजी**

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार में लगातार रिकॉर्ड तेजी देखने को मिल रही है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताओं, सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिका की ओर से नए टैरिफ लगाने की धमकी के चलते मंगलवार को लगातार दूसरे दिन दोनों कीमती धातुओं के भाव सार्वजे निक उच्च स्तर पर पहुंच गए। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय–दोनों ही बाजारों में तेजी का माहौल बना हुआ है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत मजबूती के साथ हुई।

यह 141 रुपये की तेजी के साथ 1,45,775 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,45,629 रुपये था। इस समय सोना 621 रुपये की तेजी के साथ 1,46,260 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,46,567 रुपये का दिन का उच्चतम स्तर छूकर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि दिन का निचला स्तर 1,45,500 रुपये रहा। एमसीएक्स पर चांदी के बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत सुस्त रही। यह 3,776 रुपये की गिरावट के साथ 3,06,499 रुपये प्रति किलो पर खुला।

हालांकि बाद में बाजार में जोरदार खरीदारी देखने को मिली। इस समय चांदी 1,241 रुपये की बढ़त के साथ 3,11,516 रुपये पर कारोबार कर रही थी। कारोबार के दौरान चांदी ने 3,13,896 रुपये प्रति किलो का अब तक का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 4,633.70 डॉलर प्रति औंस पर खुलने के बाद 76.10 डॉलर की तेजी के साथ 4,671.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इस साल सोने ने 4,698 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर छुआ। वहीं कॉमेक्स पर चांदी 90.60 डॉलर प्रति औंस पर खुली और बढ़त के साथ 93.18 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। इस साल चांदी ने 94.74 डॉलर प्रति औंस का रिकॉर्ड उच्च स्तर बनाया है।

# अटकलों से न्यू टाटा पंच के टेस्ट पर खड़े होने लगे सवाल

**नई दिल्ली ।**

भारत एनसीएपी में टाटा मोटर्स की न्यू पंच फेसलिफ्ट को 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिलने के बाद इसके क्रैश टेस्ट वीडियो पर सवाल खडे होने लगे थे। सोशल मीडिया पर यह वीडियो चर्चा का विषय बन गया था। तमाम चर्चाओं के बीच टाटा मोटर्स ने आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति साफ की है। कंपनी ने बताया कि यह भ्रम वीडियो में हुई एक 'एडिटिंग एरर' की वजह से पैदा हुआ है। टाटा के अनुसार, क्रैश टेस्ट के दौरान केवल एक ही नई पंच फेसलिफ्ट का इस्तेमाल किया गया था। इस टेस्ट में माइक्रो-एसयूवी को खड़े टाटा एलपीटी ट्रक से सीधे टकराया गया और कोई अंडर-रन नहीं हुआ। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि टक्कर के बाद पंच का स्ट्रक्चर और बॉडी शेल पूरी तरह सुरक्षित रहा और अंदर बैठे यात्रियों को कोई खतरा नहीं हुआ। टाटा मोटर्स पहले भी रियल-वर्ल्ड क्रैश टेस्टिंग के लिए जानी जाती रही है। इससे पहले सिएरा कॉन्सेप्ट के साथ इस तरह की टेस्टिंग दिखाई गई थी और पंच के साथ इसे आगे बढ़ाया गया। सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो नई टाटा पंच में 6 एयरबैग, ईएससी, एबीएस, टीपीएमएस, 360-डिग्री कैमरा और इसोफिक्स चाइल्ड सीट माउंट जैसे फीचर्स स्टैंडर्ड दिए गए हैं। यही वजह है कि पंच साल 2026 में भारत एनसीएपी की 5-स्टार रेटिंग पाने वाली पहली कार बन गई है। मालूम हो कि न्यू टाटा पंच के लॉन्च इवेंट के दौरान दिखाए गए इस वीडियो में पंच को एक खड़े ट्रक से टकराते हुए दिखाया गया था। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद कुछ दर्शकों ने फुटेज में दिख रही विसंगतियों को लेकर सवाल उठाए, जिससे कन्फ्यूजन की स्थिति बन गई। दरअसल, वीडियो के कुछ फ्रेम्स में ड्राइवर साइड के फ्रंट फेंडर और डोर के पास डेंट नजर आता है, जबकि अगले फ्रेम्स में वही हिस्सा बिल्कुल सामान्य दिखाई देता है। इस बदलाव ने कई लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि शायद क्रैश टेस्ट के लिए एक से ज्यादा गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया है। ऐसी अटकलों से टेस्ट की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगे।




## स्विगी का फोकस भारत में विस्तार पर, वैश्विक योजना फिलहाल नहीं

**- कंपनी का खाद्य क्षेत्र में सालाना 18-20 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य**

**नई दिल्ली ।** स्विगी फूड मार्केटप्लेस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत में अभी भी 85-90 प्रतिशत खाद्य वितरण बाजार अप्रयुक्त है। केवल 10-12 प्रतिशत आबादी ने ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति का उपयोग किया है, जिससे देश में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। अवसर सिर्फ खाद्य क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई अन्य व्यवसायों में भी मौजूद हैं। कंपनी खाद्य क्षेत्र में सालाना 18-20 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। पिछले तिमाही के आंकड़े भी इसी रुझान की पुष्टि करते हैं। स्विगी कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करके प्रबंधन, डिलीवरी पार्टनर और रेस्तरां साझेदारों को वास्तविक समय की जानकारी देती है। ग्राहक सेवा कॉल्स का विश्लेषण, व्यंजन बिक्री का डेटा और डिलीवरी की अधिकतम संभावना वाले क्षेत्र एआई के माध्यम से तुरंत साझा किए जाते हैं। उन्होने कहा कि फिलहाल कंपनी का ध्यान केवल घरेलू बाजार पर है और वैश्विक विस्तार की कोई योजना नहीं है। उनका मानना है कि भारत में खाद्य वितरण और पूरे खाद्य क्षेत्र को विकसित करने के लिए सरकार और उद्योग को मिलकर काम करना होगा।

## नए लहसुन की आवक बढ़ी, दिसंबर के बाद से तेजी का रुख

**नीमच।** बारिश के बाद लहसुन के भावों में लगातार मंदी रही, लेकिन दिसंबर के बाद से बाजार में तेजी का रुख देखने को मिल रहा है। रविवार की साप्ताहिक छुट्टी के बाद सोमवार को कृषि मंडी खुलते ही नए लहसुन की अच्छी आवक हुई, जिससे भावों में उछाल आया। अधिकतम भाव 2979 रुपए बढ़कर 17,500 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गया। मॉडल भाव 1400 रुपए की तेजी के साथ 8400 रुपए रहा। न्यूनतम भाव 390 रुपए घटकर 3501 रुपए प्रति क्विंटल रहा। किसानों का कहना है कि लागत के मुताबिक भाव नहीं मिल रहे हैं, जबकि व्यापारियों के मुताबिक बेहतर क्वालिटी आने पर दाम और बढ़ सकते हैं।

## भारत में महंगे होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**नई दिल्ली ।** चीन ने अपनी लिथियम-आयन बैटरियों पर एक्सपोर्ट टैक्स रिबेट को 9 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी करने का फैसला किया है। यह बदलाव 1 अप्रैल से प्रभावी होगा। इसके अलावा अगले एक साल में इस प्रोत्साहन को पूरी तरह खत्म करने की योजना है। किसी भी इलेक्ट्रिक वाहन की कुल निर्माण लागत में बैटरी का हिस्सा लगभग 33 फीसदी होता है। रिबेट में कटौती के कारण बैटरी की कीमत बढ़ जाएगी, जिससे ईवी की कुल कीमतों पर सीधा असर पड़ेगा। इस समय लिथियम की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहले से बढ़ रही हैं, जिससे बैटरी की लागत और महंगी हो सकती है। बैटरी की कीमत बढ़ने से ईवी निर्माताओं के मार्जिन पर दबाव पड़ेगा।

## उड़ान योजना को नई रफ्तार देने की तैयारी

**- सब्सिडी मॉडल में बदलाव का प्रस्ताव**




**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) को अधिक प्रभावी और आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए एक नई फंडिंग व्यवस्था पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। विभिन्न मंत्रालयों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद इस संबंध में एक नया प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे अब केंद्रीय कैबिनेट की अंतिम मंजूरी का इंतजार है। सरकार का मानना है कि नई फंडिंग व्यवस्था लागू होने से दूर-दराज और कम विकसित क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा और आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा अधिक सुलभ बनेगी। वर्ष 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना का उद्देश्य कम किराए में क्षेत्रीय हवाई सेवाएं उपलब्ध कराना था। अब तक इस योजना के तहत 4,352 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जा चुकी है, जबकि हवाई अड्डों के विकास और बुनियादी ढांचे पर 4,638 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। हालांकि, भारी निवेश के बावजूद चुनौतियां बनी हुई हैं। स्वीकृत 649 मार्गों में से फिलहाल केवल 60 प्रतिशत मार्ग ही संचालित हो रहे हैं। बढ़ती परिचालन लागत, सीमित किराया व्यवस्था, महंगा विमान ईंधन और कई रूट्स पर कम यात्री संख्या के कारण कई एयरलाइनों ने उड़ानें बंद कर दी हैं। वर्तमान सब्सिडी मॉडल में असंतुलन को दूर करने के लिए सरकार अब नए समाधान की ओर बढ़ रही है।

## भारत 2030 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन सकता है- एसबीआई रिपोर्ट

**- भारत 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर**




**मुंबई ।**

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2030 तक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) 4,000 डॉलर तक पहुंच सकता है, जिससे वह उच्च-मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। आजादी के बाद भारत को निम्न-मध्यम आय श्रेणी से बाहर निकलने में करीब 60 साल लगे। 1962 में प्रति व्यक्ति जीएनआई 90 डॉलर थी, जो 2026 तक 3,000 डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाकर जर्मनी को पीछे छोड़ सकता है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर होगा। भारत को 2047 तक उच्च-आय वाला देश बनने के लिए प्रति व्यक्ति जीएनआई में 7.5 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखना जरूरी है। 2001-2024 के बीच यह दर 8.3 फीसदी रही। रिपोर्ट में आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखने और जीडीपी में 11-11.5 फीसदी की औसत वृद्धि बनाए रखने पर जोर दिया गया है, ताकि भारत 2030 तक उच्च-मध्यम आय और 2047 तक उच्च-आय देश बन सके।

## भविष्य में अंतरिक्ष में डेटा सेंटर और एआई से बदलेंगे जीवन के तरीके: सिस्को




**दावोस ।** सिस्को के एक अधिकारी ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) और उन्नत कंप्यूटिंग के कारण डेटा केंद्रों की बढ़ती मांग के चलते भविष्य में अंतरिक्ष में डेटा सेंटर विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर शीतलन और बिजली जैसी बुनियादी ढांचे की चुनौतियों को देखते हुए अंतरिक्ष डेटा सेंटर एक व्यवहारिक समाधान हो सकता है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा की तीव्रता पृथ्वी की तुलना में अधिक है, जिससे शीतलन लागत और ऊर्जा की उपलब्धता बेहतर हो सकती है। डेटा सेंटरों में शीतलन अवसंरचना का वजन लगभग 90 प्रतिशत होता है। इस वजह से ऊर्जा कुशल या हरित डेटा सेंटर भविष्य में बेहद महत्वपूर्ण होंगे। अे धिकारी का कहना है कि ऊर्जा की उपलब्धता और शीतलन लागत के दृष्टिकोण से अंतरिक्ष में डेटा सेंटर विकसित करना एक आर्थिक और तकनीकी रूप से उपयुक्त विकल्प हो सकता है। उन्होंने कृत्रिम मेधा को मानव इतिहास में सबसे बड़े वैश्विक बदलाव के रूप में देखा। उनका मानना है कि एआई हर नौकरी और कार्यप्रवाह को प्रभावित करेगा। हालांकि, लोग आमतौर पर अल्पकालिक प्रभाव को अधिक और दीर्घकालिक प्रभाव को कम आंकते हैं।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 1065 अंक, निफ्टी 353.00 अंक गिरा

### 10.12 लाख करोड़ का हुआ नुकसान

**मुम्बई ।**




भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1065.71 अंक नीचे आकर 82,180.47 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 353.00 अंक की गिरावट के साथ ही 25,232.50 अंकों पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट ग्रीनलैंड मामले को लेकर अमेरिका की टैरिफ बढ़ाने की धमकी के बाद विदेशी निवेशकों के सतर्कता बरतने से आई है। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की केवल 1 कंपनी एचडीएफसी बैंक का शेयर ही बढ़त पर बंद हुआ। वहीं अन्य शेयरों में गिरावट रही। इसी प्रकार, निफ्टी केवल 3 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। वहीं अन्य शेयरों में गिरावट रही। एचडीएफसी बैंक 0.38 फीसदी उछलकर जबकि जबकि एटरनल के शेयर आज सबसे ज्यादा 4.02 फीसदी की भारी गिरावट रही।आज एचडीएफसी बैंक को छोड़कर सेंसेक्स की बाकी सभी 29 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

सोमवार को बीएसई बाजार पूंजीकरण 465.68 लाख करोड़ रुपये था पर ये मंगलवार को 455.72 लाख करोड़ रुपये पर ही रह गया। इस प्रकार निवेशकों के 10.12 लाख करोड़ रुपये डूब गये

आज फाइनेंस, ऑटो, मेटल और फार्मा सेक्टर के शेयरों में खासतौर पर ज्यादा दबाव देखने को मिला। केवल बैंकिंग शेयरों में सीमित मजबूती रही। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा नुकसान में रहा।. इसके अलावा ऑटो और आईटी शेयरों में भी दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। व्यापक बाजार में गिरावट और गहरी रही, जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में करीब तीन फीसदी तक की कमजोरी देखी गई। बाजार जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और व्यापारिक तनावों के कारण बाजार में निकासी हावी रही। अमेरिका के यूरोपीय देशों के साथ बढ़ते मतभेदों से दुनिया भर के बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है जिससे भारतीय बाजार पर भी दबाव आया है। इसके अलावा अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। डॉलर के मजबूत होने और रुपये के कमजोर होने से भी बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

इससे पहले आज सुबह बाजार सपाट खुले। सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 83,207 अंक पर खुला। इसी तरह एनएसई का निफ्टी-50 25,580 पर लगभग सपाट खुलकर 23.55 अंक की कमजोरी के साथ 25,561 पर ट्रेड करता नजर आया। वहीं एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट का रुख बना रहा। जापान का निक्केई 225 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी प्रमुख रूप से दबाव में रहे। जापान के बाजारों पर अतिरिक्त दबाव इसलिए भी देखा गया क्योंकि प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने अगले महीने जल्द चुनाव कराने की आधिकारिक घोषणा की है। वहीं सोमवार को के चलते वॉल स्ट्रीट बंद रहा, जिससे वैश्विक संकेत सीमित रहे।

# 2025 में अरबपतियों की संख्या 3,000 के पार, संपत्ति 18.3 ट्रिलियन डॉलर पर

**- एआई बूम और शेयर बाजार की तेजी से अमीर और अमीर, संपत्ति का केंद्रीकरण रिकॉर्ड स्तर पर**

**नई दिल्ली ।**

साल 2025 में दुनिया भर में अरबपतियों की संख्या पहली बार 3,000 के आंकड़े को पार कर गई है। ऑक्सफैम की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अरबपतियों की कुल संपत्ति बढ़कर 18.3 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। यह रिपोर्ट दावोस में होने वाले वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम से ठीक पहले जारी की गई है।` रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में अरबपतियों की संपत्ति में 16 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी दर्ज की गई। साल 2020 की तुलना में यह बढ़ोतरी 81 फीसदी रही है, यानी करीब 8.2 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा। रिपोर्ट में बताया गया है कि सिर्फ नवंबर 2024 के बाद एक साल में संपत्ति की ग्रोथ 16.2 फीसदी रही, जो महामारी के बाद की औसत वृद्धि से लगभग तीन गुना अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों के बढ़ते वैल्यूएशन ने अमीरों की दौलत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। अमेरिका के अरबपतियों की संपत्ति सबसे तेजी से बढ़ी है, हालांकि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी डबल डिजिट ग्रोथ देखी गई है। फोर्ब्स की रियल-टाइम लिस्ट के मुताबिक, एलन मस्क 779.6 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्टूबर 2025 में मस्क 500 अरब डॉलर की संपत्ति पार करने वाले पहले व्यक्ति बने थे। स्पेसएक्स के संभावित आईपीओ और टेस्ला के शेयरों में मजबूती से उनकी दौलत में तेज उछाल आया। भारत में मुकेश अंबानी 104.6 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर बने हुए हैं, जबकि गौतम अडानी 89.6 अरब डॉलर और सावित्री जिंदल 40.2 अरब डॉलर के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दुनिया में संपत्ति का केंद्रीकरण अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 12 सबसे अमीर लोगों के पास उतनी ही दौलत है जितनी दुनिया की आधी आबादी के पास भी नहीं, जिससे वैश्विक आर्थिक असमानता पर चिंता बढ़ गई है।

# डब्ल्यूईएफ में विशेषज्ञ बोले- एआई अपनाने में भारत सही दिशा में

**– एआई सिर्फ तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि देशों और कंपनियों के भविष्य की रणनीति बन गया है**

**नई दिल्ली ।**

दावोस में चल रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) शिखर सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर सबसे ज्यादा चर्चा हुई। पहले दिन आयोजित सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि एआई अब सिर्फ तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि देशों और कंपनियों के भविष्य की रणनीति बन गया है। गूगल की मूनशॉट इकाई सैंडबॉक्सएक्यू के सीईओ जैक हिडारी ने स्पष्ट किया कि अब या तो व्यक्ति, कंपनियां और सरकारें एआई के साथ आगे बढ़ेंगी, या अपना अस्तित्व खोने के लिए तैयार रहें। जैक हिडारी ने कहा कि भारत एआई अपनाने में सही रास्ते पर है और इससे भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर विस्तार करने में मदद मिल रही है।

उन्होंने शिक्षा क्षेत्र पर जोर दिया और कहा कि यदि भारत एआई को शिक्षा में नहीं अपनाता है, तो यह वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह सकता है। सेवलाइफ फाउंडेशन के सीईओ ने बताया कि एआई केवल डिजिटल कंटेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सड़क हादसों का पूर्वानुमान लगाने और उन्हें रोकने में भी मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा कानूनों में




सांस्कृतिक सहानुभूति शामिल करना जरूरी है और भारत का मेक इन इंडिया मॉडल विकासशील देशों में अपनाया जा सकता है। भारतीय आईटी कंपनी टेक महिंद्रा को भी एएमडी, सीमेंस और पेप्सिको जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ वास्तविक दुनिया में एआई अपनाने वाली कंपनियों की सूची में शामिल किया गया। डब्ल्यूईएफ और एक्सेंचर की रिपोर्ट में एमआईएनडीएस संगठनों का जिक्र किया गया। टेक महिंद्रा को सामाजिक और सार्वजनिक हित के क्षेत्र में एआई के योगदान के लिए सूची में जगह मिली।

# एसईजेड नियमों में बदलाव पर जोर, ट्रंप शुल्क के प्रभाव को कम करने की तैयारी


**नई दिल्ली ।**

वाणिज्य विभाग विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) नियमों में बड़े सुधार लाने पर जोर दे रहा है। यह कदम मुख्य रूप से अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 फीसदी तक के भारी शुल्क के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए उठाया जा रहा है। अगर प्रस्तावित बदलाव लागू हो गए तो भारत की एसईजेड इकाइयों के लिए घरेलू बाजार में सामान बेचने की प्रक्रिया आसान हो सकती है। इसके तहत वे घरेलू सेवाओं के लिए रुपये में भुगतान प्राप्त कर सकेंगी और अनुपालन मानदंडों को सरल बनाया जा सकेगा। एसईजेड को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानून लगभग दो दशक पुराने हैं। पिछले चार साल से उनके सुधार पर चर्चा जारी है। कुछ बदलावों के लिए एसईजेड अधिनियम, 2005 में संशोधन की जरूरत होगी, जबकि अन्य सुधार केवल नियमों में बदलाव कर लागू किए जा सकते हैं। प्रस्तावों का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय द्वारा लिया जाएगा और यह भी देखा जाएगा कि इन सुधारों को आगामी केंद्रीय बजट में शामिल किया जाए या नहीं। भारत में मौजूद एसईजेड इकाइयों का एक तिहाई से अधिक निर्यात अमेरिका को होता है। निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीईएस) के अनुसार, सितंबर में अमेरिका को निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 12 फीसदी घटकर




5.46 अरब डॉलर रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि एसईजेड नियमों में बदलाव से अमेरिका के अतिरिक्त शुल्कों के प्रभाव को कम किया जा सकता है और इकाइयों के संचालन में निश्चितता आएगी।

हालांकि, वाणिज्य मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के बीच अभी एकमत नहीं है। वाणिज्य मंत्रालय हितधारकों की चिंताओं को दूर करने के प्रयास में वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर काम कर रहा है। बदलावों का उद्देश्य न केवल निर्यात को राहत देना है, बल्कि घरेलू बाजार में एसईजेड इकाइयों के लिए अधिक लचीलापन सुनिश्चित करना भी है।



## ऋतिक के करियर का 2.0 फेज शुरू, एक्टिंग के साथ-साथ अब प्रोडक्शन पर भी लगा रहे बड़ा दांव

ऋतिक रोशन दो दशक से ज्यादा समय तक हिंदी सिनेमा में बतौर सुपरस्टार अपनी मजबूत बनाए हुए हैं। अब वह अपने करियर के अगले फेज की तैयारी में जुट गए हैं। 2026-27 के लिए तैयार उनका रोडमैप साफ संकेत देता है कि अभिनय के साथ-साथ अब उनका फोकस फिल्म निर्माण और कंटेंट आईपी पर भी है। अपनी प्रोडक्शन कंपनी के जरिए ऋतिक डिजिटल और फिल्म प्रोडक्शन स्पेस में भी निवेश कर रहे हैं, ताकि वह सिर्फ एक्टर नहीं, बल्कि कंटेंट ओनर के रूप में भी खुद को स्थापित कर सकें। स्टॉर्म बतौर निर्माता ऋतिक का डेब्यू प्रोजेक्ट है। अक्टूबर 2025 में स्ट्रीमिंग कंटेंट की आधिकारिक घोषणा के बाद इस थ्रिलर सीरीज की शूटिंग नवंबर में मुंबई में शुरू हुई थी और इसे फरवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस सीरीज को टब्बर फेम अजीतपाल सिंह ने क्रिएट और डायरेक्ट किया है। बताया जाता है कि ऋतिक और अजीतपाल ने इस कहानी को लगभग तीन साल तक डेवलप किया है। यह सीरीज प्राइम वीडियो और HRX फिल्म्स के बीच हुई बड़ी प्लेटफॉर्म पार्टनरशिप का हिस्सा है। इसे ऋतिक के डिजिटल कदम की मजबूत शुरुआत माना जा रहा है।

### एक्टिंग के लिए हाई-बजट प्रोजेक्ट चुन रहे ऋतिक

ऋतिक ने आने वाले दो वर्षों के लिए बेहद चुनिंदा हाई-बजट प्रोजेक्ट्स चुने हैं। वॉर 3 को लेकर भले ही अनाउंसमेंट नहीं हुई हो, लेकिन इसे 2027 की सबसे बड़ी फिल्मों में गिना जा रहा है। कृष 4 पर भी काम तेजी से जारी है।

### बैलेंस पोर्टफोलियो की ओर करियर ले जा रहे सुपरस्टार

ट्रेड के मुताबिक, ऋतिक का यह ट्रांजिशन पूरी तरह प्लांड है। बदलते दौर में जहां सुपरस्टार्स के लिए सिर्फ बॉक्स ऑफिस नहीं, बल्कि डिजिटल राइट्स और आईपी ओनरशिप भी अहम हो गई है, वहीं ऋतिक अपने करियर को बैलेंस पोर्टफोलियो की ओर ले जा रहे हैं। एक तरफ वॉर 3 और कृष 4 जैसी मास अपील फिल्में, तो दूसरी तरफ स्टॉर्म जैसे कंटेंट-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स। आने वाले समय में यही संतुलन तय करेगा कि ऋतिक बतौर निर्माता कितने प्रभावी होते हैं।



# पहली फिल्म है तो किरदार नहीं, काम मिलना सबसे जरूरी होता है

पारुल गुलाटी ने कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा के साथ किस किस को प्यार करूं 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। अपने किरदार और शूटिंग के अनुभवों को लेकर पारुल ने बातचीत की।

**इस फिल्म से आप कैसे जुड़ीं?**

इस फिल्म से मैं अपनी एजेंसी के जरिए जुड़ी थी। वहीं मुझे पता चला कि एक ऐसा प्रोजेक्ट चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे नैरेशन के लिए जाना होगा, तो हमारे डायरेक्टर अनुकल्प जी के साथ मेरा नैरेशन हुआ। कहानी सुनते समय हमारी हंसी रुकी ही नहीं। सबसे खास बात यह थी कि कपिल शर्मा इसमें है, यह जानकर बहुत खुशी हुई। साथ ही अब्बास मस्तान भी इस इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। कुल मिलाकर यह मेरे लिए एक परफेक्ट प्रोजेक्ट था, बिल्कुल वैसे जैसा मैं अपने पहले प्रोजेक्ट के बारे में सोचती थी।

**कॉमेडी में टाइमिंग्स के लिए क्या किया?**

इसके लिए मैंने कोई अलग तैयारी नहीं की थी। सच कहूं तो मैंने कपिल शर्मा शो भी नहीं देखा, क्योंकि मुझे लगा था कि शायद मुझे डर लगेगा।

**सेट पर आपकी बॉन्डिंग कैसी थी?**

कपिल काफी मजाक-मस्ती करते रहते हैं। जब भी वो सेट पर होते थे, मुझे लगता था कि वो मुझसे उम्र और अनुभव में बहुत बड़े हैं, इसलिए उनके साथ मैं ज्यादा हमस्ती नहीं की।

**अच्छा किरदार ज्यादा मायने रखता है या बड़ा प्रोजेक्ट?**

अगर यह पहली फिल्म है, तो सबसे अहम है कि आपको काम मिल रहा है। इस फिल्म में मुझे किरदार की अहमियत के बारे में ज्यादा सोचना नहीं पड़ा क्योंकि यह कॉमेडी फिल्म थी।

## प्रलय में रणवीर संग बन सकती है आलिया की जोड़ी

साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधर देने के बाद रणवीर सिंह अब अपनी अगली बड़ी फिल्म प्रलय की तैयारी में जुटने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक... मार्च 2026 में धुरंधर का दूसरा पार्ट रिलीज होगा और इसके बाद रणवीर प्रलय की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि फिल्म को लेकर अभी ज्यादा ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इसकी हीरोइन को लेकर चर्चा तेज हो गई है। प्रलय में रणवीर सिंह के साथ आलिया भट्ट नजर आ सकती हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में साथ काम किया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जय मेहता करेंगे और फीमेल लीड सूत्रों के मुताबिक फिल्म के लिए उनकी पहली पसंद आलिया हैं। म में आलिया का किरदार सिर्फ लव इंटरेस्ट तक सीमित नहीं होगा। उनका रोल कहानी का अहम हिस्सा होगा, जो एक टूटती हुई दुनिया में हीरो के विचारों को चुनौती देगा। डायरेक्टर का मानना है कि इस तरह के दमदार और एक्सपेरिमेंटल रोल के लिए आलिया से बेहतर कोई और नहीं हो सकता। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म के लिए बड़े स्तर पर सेट तैयार किए जाएंगे, जहां शहर को पुराना और वीरान दिखाने के लिए फिजिकल सेट्स के साथ एआई तकनीक का इस्तेमाल होगा।





## चोट से उबरने के बाद ईथा पर फिर जुटीं श्रद्धा

साल 2026 श्रद्धा कपूर के करियर के लिए बेहद कपूर हम और व्यस्त रहने वाला है। श्रद्धा फिलहाल बायोपिक फिल्म ईथा के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग में जुटी हैं, जिसमें वह मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। मार्च 2026 के अंत तक शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है। डांस सीक्वेंस के दौरान लगी चोट के कारण शूट कुछ समय के लिए रुका था लेकिन अब काम फिर रफ्तार पकड़ चुका है। यह फिल्म श्रद्धा के लिए खास है, क्योंकि इसमें उन्हें एक लोक कलाकार की जिंदगी, शारीरिक भाषा और संघर्ष को परदे पर उतारना है। ईथा के बाद श्रद्धा अप्रैल 2026 से अपनी बहुचर्चित फैंटेसी फिल्म नागिन की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। लंबे समय से प्री-प्रोडक्शन और वीएफएक्स पर काम कर रही इस फिल्म में श्रद्धा इच्छाधारी नागिन के किरदार में नजर आएंगी। चर्चा है कि नागिन सिर्फ एक स्टैंडअलोन फिल्म नहीं, बल्कि एक बड़े फैंटेसी यूनिवर्स की शुरुआत हो सकती है। सोशल मीडिया पर यह थ्योरी भी चल रही है कि इस फिल्म का कनेक्शन श्रद्धा के सुपरहिट किरदार स्त्री से जोड़ा जा सकता है।

स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पर तेजी हो रहा काम, श्रद्धा की हिट फेंचाइज स्त्री के तीसरे भाग को लेकर भी हलचल तेज है। स्त्री 2 की बड़ी सफलता के बाद मेकर्स अब स्त्री 3 की स्क्रिप्ट और कास्टिंग पर तेजी से काम कर रहे हैं। इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, इस बार श्रद्धा के किरदार की शक्तियों के स्रोत और उसकी असली पहचान का खुलासा हो सकता है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि नागिन और स्त्री के बीच किसी तरह का क्रॉसओवर देखने को मिल सकता है।



## फिल्म द ग्रेट एस्केपः फरार में मनी हाइस्ट के प्रोफेसर जैसे होगा नवाज का रोल

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म द ग्रेट एस्केपः फरार अपने अनोखे कॉन्सेप्ट, ग्लोबल टीम और तकनीकी तैयारी के कारण चर्चा में है। कुशाग्र शर्मा निर्देशित यह एस्केप-थ्रिलर ताकत से ज्यादा दिमाग, विज्ञान और रणनीति पर आधारित है। फिल्म एक आम-से दिखने वाले फिजिक्स प्रोफेसर की कहानी है, जो अपनी समझदारी और साइंटिफिक प्रिंसिपल्स से अंतरराष्ट्रीय संकट से निकलने की कोशिश करता है। फिल्म में नवाजुद्दीन का किरदार निर्देशक ने मनी हाइस्ट के प्रोफेसर जैसी इंटेलिजेंट अप्रोच से जोड़ा है, हालांकि समानता सिर्फ रणनीति और प्लानिंग तक सीमित है। कहानी और ट्रीटमेंट पूरी तरह भारतीय संदर्भ में है। नवाजुद्दीन ने फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभाते हुए संवादों से आगे बढ़कर कई साइंटिफिक कॉन्सेप्ट्स समझे, सेट पर प्रयोग किए और किरदार को वास्तविक बनाने के लिए तकनीकी डिटेल्स पर खास मेहनत की। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसका ग्लोबल एसोसिएशन है। हॉलीवुड एक्टर इलिया वोलोक फिल्म में मुख्य खलनायक हैं, जो मिशन इम्पॉसिबल, इंडियाना जोन्स और जेमिनी मैन जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। नवाजुद्दीन के साथ मलयालम स्टार निमिषा सजयन उनकी पत्नी का रोल निभा रही हैं। इसके अलावा यंगेस्ट नेशनल अवॉर्ड विनर त्रिशा भी इसका हिस्सा हैं। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा थाईलैंड, बैंकॉक और पटाया में शूट किया गया। लोकेशंस सिर्फ ग्लैमर के लिए नहीं, बल्कि कहानी की जरूरत के मुताबिक चुनी गई। शूट स्टार्ट-टू-फिनिश शेड्यूल में पूरा किया गया ताकि कंटिन्यूटी बरकरार रहे। एक्शन के लिए बैंकॉक के मशहूर एक्शन डायरेक्टर केचा खम्फाकदी को जोड़ा गया है, जो अल्लू अर्जुन की पुष्पा और शाहरुख खान की जवान का भी हिस्सा रह चुके हैं।





# हॉरर-कॉमेडी फिल्म होगी यामी की फिल्म नई नवेली

**हिंदी सिनेमा में इन दिनों हॉरर-कॉमेडी जॉनर बॉक्स ऑफिस की सबसे मजबूत कड़ी बन चुका है। ऐसे में इस ट्रेंड से जुड़ने वालों की फेहरिस्त में यामी गौतम का नाम भी शामिल हो गया है। ओटीटी पर हाल ही में रिलीज हुई गंभीर कोर्टरूम ड्रामा फिल्म हक में दमदार परफॉर्मेंस के बाद यामी अब एक बिल्कुल अलग व हल्के-फुल्के अंदाज में आने की तैयारी कर रही हैं।**

शूटिंग फरवरी से शुरू करने की तैयारी है सूत्रों के मुताबिक, यामी को निर्देशक-निर्माता आनंद एल राय के अगले प्रोडक्शन के लिए साइन किया गया है। यह फिल्म एक हॉरर-कॉमेडी होगी, जिसका टाइटल नई नवेली बताया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग इसी साल फरवरी से शुरू होने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि नई नवेली, यामी और आनंद एल राय के प्रोडक्शन हाउस कलर येलो के बीच पहला कोलैबोरेशन होगा। फिल्म की कहानी भारतीय लोककथाओं और पौराणिक मान्यताओं से प्रेरित है। इसकी स्क्रिप्ट दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। शुरुआती चर्चाओं में इसे टू-हीरोइन फिल्म बताया जा रहा था, जिसमें यामी के साथ कृति सेनन का नाम सामने आया था। हालांकि, कृति अब इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं और फिल्म की पूरी कमान यामी ही अपने कंधों पर संभालेंगी।

### बड़े स्केल पर तैयार हो रहा प्रोजेक्ट

हक जैसी गंभीर फिल्म के बाद यामी एक ऐसी कहानी की तलाश में थी, जो मनोरंजन के साथ-साथ भावनात्मक असर भी छोड़े। नई नवेली में कॉमेडी के साथ रोमांच और इमोशन्स का संतुलित मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन तमिल सिनेमा में अपनी अलग पहचान बना चुके बालाजी मोहन करेंगे, जो मारी (2015) जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं। यह फिल्म उनके हिंदी सिनेमा में डेब्यू का भी मौका होगी। आनंद एल राय बतौर निर्माता भी सुर्खियों में हैं। उनके बैनर तले बनी फिल्म तू या मैं की शूटिंग पूरी हो चुकी है। बेजॉय नांबियार निर्देशित इस फिल्म में शनाया कपूर और आदर्श गौरव हैं। रोमांस, सर्वाइवल और थ्रिल के अनोखे मिश्रण वाली यह फिल्म वैलेंटाइन डे के मौके पर 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। हाल ही में जारी मोशन पोस्टर और टीजर अनाउंसमेंट ने फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। आनंद निर्मित यह फिल्म सीधे आज के युवाओं से जुड़ती है।

## तेरे इश्क में... के बाद फिर धनुष के साथ एक फिल्म करेंगे आनंद



आनंद एल राय और धनुष की जोड़ी एक बार फिर चर्चा में है। जानकारी है कि दोनों एक भव्य पीरियड एक्शन रोमांटिक फिल्म पर मंथन कर रहे हैं, जिसे बड़े स्केल और हाई-विजुअल कैनवास पर बनाया जाएगा, हालांकि अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। जबकि उनकी नखरेवाली भी कतार में है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in